# के. डी. न्यूज

सुलतानपुर से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

UPHIN 47497

वर्ष–01 अंक 37 सुलतानपुर बुधवार 11 दिसम्बर 2024 मूल्य : दो रूपया पृष्ठ : 4


## प्रियंका चतुर्वेदी ने अमित शाह को लिखा पत्र, बेलगावी को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा देने की मांग




एजेंसी/मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) नेता और सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह को पत्र है, जिसमें उन्होंने बेलगावी (बेलगाम) को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा देने की मांग की है। प्रियंका चतुर्वेदी ने पत्र में कहा कि महाराष्ट्र–कर्नाटक सीमा पर बेलगावी सहित कई शहरों और गांवों को लेकर सीमा विवाद लंबे समय से चला आ रहा है। कर्नाटक विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत के साथ ही तनाव बढ़ गया है, जिसके कारण बेलगावी में महाराष्ट्र एकीकरण समिति (एमईएस) के कार्यकर्ताओं और नेताओं को हिरासत में लिया गया है। हालांकि, शुरुआत में यह घोषणा की गई थी कि एमईएस की महा मेलावा रैली और अन्य शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों की अनुमति दी जाएगी, लेकिन पुलिस ने अब रैली को रोकने के लिए व्यापक व्यवस्था की है, जिससे शहर में तनाव और बढ़ गया है। उन्होंने पत्र में आगे कहा कि 2022 में, केंद्र ने दोनों राज्य सरकारों को निर्देश दिया कि वे सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने तक कोई भी कार्रवाई न करें। इसके बावजूद, कर्नाटक विधानसभा ने महाराष्ट्र को किसी भी प्रकार की जमीन देने से रोकने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया। इसके जवाब में, महाराष्ट्र विधानसभा ने मराठी भाषी गांवों को अपने राज्य में शामिल करने के लिए कानूनी रूप से आगे बढ़ने के लिए एक जवाबी प्रस्ताव पारित किया, जो इस विवादास्पद मुद्दे पर आम सहमति की कमी को उजागर करता है। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई लंबित है, एमईएस की ओर से प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए बार–बार अनुरोध किया गया है। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा कि दोनों राज्य सरकारों के बीच आम सहमति की कमी और आगे भी अशांति की संभावना को देखते हुए, मैं आपसे (अमित शाह) बेलगावी को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा देने पर विचार करने का आग्रह करता हूं। इससे शहर में सीमा विवाद को सुलझाने में मदद मिलेगी और नागरिकों को न्याय सुनिश्चित होगा, साथ ही केंद्रीय शासन के माध्यम से सभी भाषाई समुदायों को समायोजित किया जा सकेगा। बता दें कि बेलगाव या बेलगावी विवाद महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच एक लंबे समय से चली आ रही सीमा विवाद है। यह विवाद मुख्य रूप से बेलगावी जिले को लेकर है। वर्तमान में यह जिला कर्नाटक का हिस्सा है। 1956 में जब भारत में राज्यों का पुनर्गठन भाषाई आधार पर किया गया, तब बेलगावी जिले को कर्नाटक को आवंटित किया गया था। महाराष्ट्र का कहना है कि इस जिले में मराठी भाषी लोगों की संख्या बहुत अधिक है, इसलिए यह क्षेत्र भौगोलिक और सांस्कृतिक रूप से महाराष्ट्र का हिस्सा होना चाहिए। जबकि कर्नाटक का तर्क है कि बेलगावी सदियों से कर्नाटक का हिस्सा रहा है। यहां की संस्कृति कन्नड़ संस्कृति से गहरे जुड़ी हुई है।

## जंगपुरा से मनीष सिसोदिया ने शुरू किया चुनाव अभियान, पत्नी दिखीं साथ, बोले, 'उम्मीद हैं यहां से जीतेंगे'



एजेंसी/नयी दिल्ली। दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम और जंगपुरा विधानसभा से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मनीष सिसोदिया ने मगंलवार को चुनाव अभियान की शुरुआत कर दी है। उन्होंने भरोसा जताया कि इस सीट से एक बार फिर आप की जीत होगी। उन्होंने चुनावी अभियान की शुरुआत मंदिर दर्शन से की। उन्होंने सुबह–सुबह भगवान श्री राम और वीर बजरंगबली के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। पटपड़गंज से विधायक मनीष सिसोदिया इस बार जंगपुरा से चुनाव लड़ रहे हैं। पार्टी ने इस बार उनकी सीट बदल दी है। जंगपुरा सीट पर मौजूदा विधायक प्रवीण कुमार हैं। बातचीत के दौरान मनीष सिसोदिया ने कहा है कि मैं आज जंगपुरा विधानसभा से अरविंद केजरीवाल को फिर से मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ चुनाव प्रचार शुरू कर रहा हूं। आज मेरे साथ विधायक प्रवीण कुमार के परिवार संग मेरी पत्नी सीमा सिसोदिया ने भगवान श्री राम का आशीर्वाद लिया। सीट बदलने पर उन्होंने कहा कि मैं ही बदल रहा हूं। जंगपुरा के कार्यकर्ता पहले से ही चुनाव लड़ते रहे हैं। जंगपुरा के लोगों की बदौलत और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी इस विधानसभा से हमेशा जीतते हुए आई है। हमें उम्मीद है कि इस विधानसभा सीट पर पार्टी आगे भी चुनाव जीतेगी। सिसोदिया ने कहा, भाजपा की यह समस्या हो गई है कि उनके पास दिल्ली में चुनाव लड़ने के लिए कोई काम नहीं है। लोग इनसे हरियाणा और उत्तर प्रदेश के स्कूलों को मिलने वाले पैसों का हिसाब मांग रहे हैं, लोग पूछ रहे हैं कि स्कूल और अस्पतालों को मिलने वाला पैसा कहां गया। लोग अस्पताल के बारे में पूछते हैं तो यह जवाब में केजरीवाल के बंगले का जवाब देते हैं। लोग कहते हैं कि केजरीवाल ने स्कूल बनाया है तो भाजपा वाले कहते हैं केजरीवाल ने बंगला बनाया है। भाजपा की कई राज्यों में सरकार है। दिल्ली में 40 स्कूलों में बम की कॉल आ जाती है। विपक्ष के लगातार उनके आवास को लेकर उठाए जा रहे सवाल पर सिसोदिया ने कहा– यह लोग केजरीवाल का बंगला–बंगला चिल्ला रहे हैं। इन लोगों में थोड़ी सी शर्म बची है तो यह लोग दिल्ली वालों को बताएं और माफी मांगे कि दिल्ली में कानून व्यवस्था इतनी खराब क्यों हो गई है? कानून व्यवस्था पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा को जवाब देना चाहिए। मनीष सिसोदिया की पत्नी सीमा सिसोदिया ने कहा है कि हर चुनाव चुनौतीपूर्ण होता है।

## हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित

एजेंसी/नयी दिल्ली। संसद का उच्च सदन कहे जाने वाली राज्यसभा में मंगलवार को हंगामे के कारण कोई कामकाज नहीं हो सका और सभापति ने सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले सुबह भी इसी कारण से कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनटों में स्थगित कर दी गई थी। दोपहर 12 बजे कार्यवाही शुरू होने पर भी सत्ता और विपक्ष दोनों के सदस्य हंगामा करने लगे। शोर शराबे में कुछ भी सुना नहीं जा रहा था। इस बीच सदन के नेता जे पी नड्डा ने कहा कि मीडिया में देश के एक राजनीतिक दल के वरिष्ठ नेता और जार्ज सोरेस को लेकर रिपोर्ट आई है। साठगांठ को लेकर मीडिया में आ रही रिपोर्टों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया जा रहा है। इसी बीच हंगामा बढ़ने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले सुबह में विधायी कामकाज शुरू होते ही सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के कुछ सदस्यों के शोर शराबे के कारण सभापति को सदन की कार्यवाही कुछ ही मिनटों बाद 12रू00 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। इसके कारण इस सप्ताह लगातार दूसरे दिन कोई कामकाज नहीं हो सका।

## इंडिया गठबंधन के नेतृत्व करने पर ममता बनर्जी के समर्थन में आए लालू यादव



एजेंसी/पटना। पश्चिम बंगाल की के गठबंधन के नेतृत्व करने को लेकर चढ़ गया है। सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष हो गए हैं। इस बीच, राजद प्रमुख और बनर्जी के समर्थन में उतर आए हैं। यादव ने पत्रकारों से बात कर रहे थे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान के गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी को कांग्रेस की आपत्ति से जुड़े सवाल पर जताने से कुछ नहीं होगा। ममता बनर्जी कि ममता बनर्जी विपक्षी श्इंडियाश गठबंधन किया था और मौका मिलने पर इसकी संकेत दिये थे। तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विपक्षी दलों दिए गए बयान के बाद सियासी पारा के नेता इस बयानबाजी में शामिल पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू यादव भी ममता पटना में मंगलवार को लालू प्रसाद इस दौरान पत्रकारों ने जब उनसे संबंध में पूछा तो उन्होंने कहा, इंडिया दे देना चाहिए। हम सहमत हैं। लालू ने कहा, कांग्रेस के आपत्ति को दे देना चाहिए। उल्लेखनीय है न के कामकाज पर असंतोष व्यक्त कमान संभालने के अपने इरादे का (टीएमसी) प्रमुख ने कहा था कि वह अपनी भूमिका जारी रखते हुए विपक्षी मोर्चे के नेतृत्व के साथ दोहरी जिम्मेदारी संभालने में सक्षम होंगी।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रस्तावित महिला संवाद यात्रा को लेकर पूछे गए सवाल पर लालू यादव ने कटाक्ष करते हुए कहा कि यात्रा पर जा रहे हैं अच्छी बात है। उन्होंने अपने अंदाज में कहा, नैन सेंकने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2025 में महागठबंधन की सरकार बिहार में बनेगी। नीतीश के 225 सीट जीतने के दावे पर उन्होंने कहा कि पहले आंख तो सेंक लें। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार किसी भी चुनाव के पूर्व प्रदेश के दौरे पर निकलते रहे हैं। अगले साल बिहार विधानसभा चुनाव होने हैं। इससे पहले वे महिला संवाद यात्रा पर निकलने वाले हैं। इसे लेकर विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव भी सरकारी खर्च पर यात्रा करने का आरोप लगाया है।

## हंगामे के कारण लोक सभा की कार्यवाही दिन भर के लिये स्थगित



एजेंसी/नयी दिल्ली ।लोक सभा में मंगलवार को कांग्रेस की विशेषाधिकार हनन की नोटिस पर कोई निर्णय न होने और सत्ता पक्ष पर सदन की कार्यवाही न चलने देने का आरोप लगाते हुये विपक्ष के नारेबाजी और हंगामा करने के कारण सदन की कार्यवाही दिन भर के लिये स्थगित कर दी गई। दोपहर 12 बजे सदन के पुनः समवेत होने पर पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाये। इसके बाद कांग्रेस के सदस्य अपने–अपने स्थानों पर खड़े हो गये और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य निशिकांत दुबे के खिलाफ दी गयी उनकी विशेषाधिकार हनन की नोटिस पर कोई निर्णय न होने तथा सदन की कार्यवाही न चलने देने का सत्ता पक्ष पर आरोप लगाते हुये नारेबाजी करने लगे। इसी बीच, कांग्रेस के कुछ सदस्य सदन के बीचोबीच आ गये। इसी के साथ संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस सदन की गरिमा को चोट पहुंचा रही है। कांग्रेस सदस्य संसद के नियमों को ताक पर रखते हैं। कांग्रेस पार्टी अमेरिकी व्यवसायी जार्ज सोरोस के साथ तालमेल रखती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी बताये कि जार्ज सोरोस के साथ उसका क्या रिश्ता है। रिजिजू के यह कहने पर कांग्रेस के सदस्य जोर–जोर से शोरगुल करने लगे। इसी के साथ कुछ भाजपा सदस्य भी अपने–अपने स्थानों खड़े होकर शोरगुल करने लगे। इससे पहले समाजवादी पार्टी के सदस्य धर्मेन्द्र यादव ने कहा सत्ता पक्ष के लोग विपक्ष को बदनाम कर रहे हैं। सरकार सदन चलने नहीं दे रही है। सरकार की मंशा सदन नहीं चलने देने की है। दोनों ओर से हंगामा बढ़ते देखकर सैकिया ने सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिये स्थगित कर दी। विपक्ष के हंगामे के कारण मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही दोपहर बारह बजे तक स्थगित कर दी गई। इससे पहले सुबह 11 बजे सदन समवेत होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संसद एक पवित्र स्थल है। इस भवन की उच्च गरिमा और मर्यादा है। संसद में देश की आकांक्षाओं अपेक्षाओं को पूरा किया जाता है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से संसद परिसर में जिस प्रकार के प्रदर्शन और नारेबाजी की जा रही है, वह न केवल अशोभनीय है, बल्कि मर्यादा के खध्लािफ है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेताओं का व्यवहार भी संसदीय मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है।अध्यक्ष ने आग्रह किया कि सत्ता पक्ष हो या प्रतिपक्ष, सभी दल के लोग संसद की गरिमा मर्यादा परंपरा को बनाये रखें, इससे जनता में सही संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रश्न काल महत्वपूर्ण है, इसे चलने दें। उन्होंने प्रश्न काल चलाने के लिये भाजपा के दिलीप सैकिया का नाम लिया लेकिन विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे। उसके बाद अध्यक्ष ने कहा कि आप सदन नहीं चलाना चाहते है और सदन की कार्यवाही बारह बजे तक स्थगित कर दी गई।

## यूपी के फतेहपुर में नूरी मस्जिद के अतिक्रमण वाले हिस्से पर चला बुलडोजर



एजेंसी/फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर स्थित ललौली कस्बे में मंगलवार को करीब 185 साल पुरानी मस्जिद के एक हिस्से को सड़क चौड़ीकरण और नाला निर्माण को लेकर गिरा दिया गया। विभाग का कहना है, वह हिस्सा अतिक्रमण करके बनाया गया था। एडीएम अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि फतेहपुर जिले के ललौली कस्बा बहुआ चिल्ला मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग निर्माण खंड 2 का है। यहां पर मस्जिद का भाग मार्ग के संरेखण में था। इसको लेकर अगस्त महीने में भी पीडब्ल्यूडी विभाग ने नोटिस दिया था। इसके अलावा 139 अन्य लोगों को नोटिस दिया गया था। सारा अतिक्रमण सितंबर माह में हटा दिया गया था। लेकिन, मस्जिद प्रबंध कमेटी ने कुछ समय मांगा था। उन्होंने खुद अतिक्रमण हटाने की बात कही थी। लेकिन, अतिक्रमण नहीं हटाया गया। नाला और मार्ग चौड़ीकरण करने के लिए अतिक्रमण वाला भाग जो बाद में बनाया गया था, उसे हटा दिया गया। मामला कोर्ट में होने के बारे में उन्होंने बताया कि न्यायालय का कोई आदेश नहीं है। शांतिपूर्ण ढंग से अतिक्रमण को हटा दिया गया। किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हुई। पर्याप्त पुलिस व्यवस्था थी। शांति व्यवस्था कायम है, अतिक्रमण की जद में आई मस्जिद का पिछला हिस्सा तोड़ा जा रहा है। नूरी मस्जिद के मुतवल्ली मोहम्मद मोईन खान ने बताया कि पीडब्ल्यूडी से समय मांगा गया था। लेकिन, उस समय यमुना नदी में बाढ़ थी। मजदूर नहीं मिल रहे थे। मजदूर मना कर रहे थे। हम लोग कोर्ट गए पहले 6 दिसंबर की तारीख लगी थी। लेकिन, अर्जी की सुनवाई नहीं हुई। इसकी 12 दिसंबर को सुनवाई होनी थी। लेकिन, पहले ही प्रशासन ने कार्रवाई की।उन्होंने कहा कि यह तकरीबन 185 साल पुरानी मस्जिद है। कोर्ट का निर्णय हमारे लिए मान्य होगा। बता दें कि 24 सितंबर को पीडब्ल्यूडी ने सड़क चौड़ीकरण को लेकर अतिक्रमण अभियान चलाया था। उस दौरान मस्जिद कमेटी से जुड़े लोगो ने स्वयं से अतिक्रमण हटाने के लिए एक माह का समय मांगा था। लेकिन, तय समय सीमा बीत जाने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इस बीच मस्जिद कमेटी का पक्ष हाईकोर्ट पहुंचा था। हाईकोर्ट ने 12 दिसंबर को सुनवाई की तिथि तय की थी।

## केजरीवाल आटो चालक के घर खाएंगे खाना, कहा- ये दिल से दिल का रिश्ता है



एजेंसी/नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को ऑटो चलाने वालों को अपने घर बुलाकर चाय पिलाई थी और उनसे काफी देर तक चर्चा भी की थी। मंगलवार को अरविंद केजरीवाल एक ऑटो चालक के निमंत्रण पर उसके घर खाना खाने पहुंचने वाले हैं।

अरविंद केजरीवाल ने जानकारी देते हुए बताया, ऑटो चालक भाइयों के साथ मेरा रिश्ता दिल से जुड़ा है। मैंने कल अपने घर उन्हें चाय पर बुलाया था, उनसे खूब बातें की। एक भाई ने तो मुझे अपने घर खाने पर आमंत्रित भी किया। आज दोपहर मैं उनके घर खाना खाने जा रहा हूं। ये रिश्ता रामलीला मैदान से शुरू हुआ था और आज भी उतना ही मजबूत है। दरअसल सोमवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने ऑटो चालकों को अपने घर पर चाय पर आमंत्रित किया था। उस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आपके साथ सुख दुख बांटना मेरे लिए बेहद खास है। आपसे तो मेरा पुराना और गहरा रिश्ता है। समय चाहे कैसा भी रहा हो, हमने हमेशा एक–दूसरे का साथ दिया। आपके जीवन की चुनौतियां और आपकी मेहनत मुझे हमेशा प्रेरित करती रही है। हमने हमेशा आपके लिए काम किया है और भविष्य में भी आपकी सहूलियत के लिए काम करते रहेंगे।अरविंद केजरीवाल ने कहा कि रामलीला मैदान में मैंने ऑटो वालों का साथ दिया था और कहा था कि ये लोग व्यवस्था के पीड़ित हैं। आज व्यवस्था ऐसी है कि पुलिस वाले भी इनको डंडा मारते हैं, कभी पांच नंबर वाले डंडा मारते हैं। महीने के अंत में इनके पास कुछ बचता ही नहीं है। तब मैंने कहा था कि जब हमारी सरकारी आएगी तो हम व्यवस्था बदलेंगे और ऐसी व्यवस्था बनाएंगे जिसमें एक ऑटोवाला ईमानदारी के साथ अपना काम कर सके और घर का खर्चा चला सके। उस वक्त मुझे कई लोगों ने कहा कि तुम्हे राजनीति करनी नहीं आती। अगर ऑटो वालों का साथ दोगे तो दिल्ली की जनता तुम्हारे खिलाफ हो जाएगी। तो मैंने उनसे कहा कि मैं दिल्ली की जनता को जाकर समझाउंगा। दिल्ली की जनता को बताऊंगा कि ये लोग बहुत गरीब हैं, ये पीड़ित हैं आप इनका साथ दो, इनके साथ खड़े हों। वो 2013 था और आज 2024 हो गया। 11 साल हो गए। मैंने ऑटो वालों साथ नहीं छोड़ा। अरविंद केजरीवाल ने कहा, ष्हमारा ऐसा–वैसा रिश्ता नहीं, बल्कि दिल से दिल का रिश्ता है। यह दो–चार कामों का रिश्ता नहीं है कि ये काम करा दिया इसलिए आप के साथ हैं। जब से हमारी सरकार बनी है, तबसे जनता ऑटो वालों को डाकू लुटेरा नहीं कहती है। वो दिन पुराने हो गए। मुझे ये भी याद है पिछली सरकार में ऑटो वाले हर तीसरे–चौथे दिन हड़ताल करते थे। कभी किराए के लिए तो कभी किसी चीज के लिए। लेकिन 11 साल हो गए, अभी तक ऑटो वालों ने एक भी हड़ताल नहीं की है। मैंने इतने काम कर दिए हैं कि मुझे सब याद भी नहीं है।

## हिन्दुओं की रक्षा नहीं हुई तो हम सभी बांग्लादेश की ओर कूच करेंगे: महंत नवल किशोर दास

एजेंसी/नयी दिल्ली। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार के खिलाफ मंगलवार को दिल्ली के चाणक्यपुरी में हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने बांग्लादेश दूतावास की ओर मार्च भी निकाला जिसमें विभिन्न हिंदू संगठनों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।प्रदर्शन में शामिल महंत नवल किशोर दास ने कहा कि जिस प्रकार से बांग्लादेश में हिन्दुओं की हत्या हो रही है। उनके घरों में आग लगाई जा रही है। यह चिंता का विषय है। वहां की सरकार को अपनी जनता की रक्षा करनी चाहिए। लेकिन, सरकार मुस्लिम कट्टरवादियों के आगे झुक चुकी है। हमारी सरकार को दबाव बनाना चाहिए। सेना भेजने की जरूरत है, तो भेजनी चाहिए। बांग्लादेश में हिन्दुओं की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। अगर हिन्दुओं की रक्षा नहीं हुई तो हम सभी बांग्लादेश की ओर कूच करेंगे।बांग्लादेश में उच्चायुक्त रहीं वीना सीकरी भी इस प्रदर्शन में शामिल हुईं। उन्होंने आईएएनएस से कहा है कि हिन्दू, बौद्ध और ईसाई समुदायों पर अत्याचार हो रहा है। यह बंद होना चाहिए। वहां का प्रशासन इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं है कि कुछ गलत हो रहा है। प्रशासन कह रहा है कि यह सब फेक है। उन्होंने कहा कि वहां लगातार हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है। उनसे कहा जा रहा है कि वे देश छोड़कर चले जाएं। लेकिन अल्पसंख्यक वहां पर रहना चाहते हैं, वे वहां के नागरिक हैं। वे अपना हक मांग रहे हैं। भारत सरकार लगातार बात कर रही है। उम्मीद है कि बांग्लादेश में जो कुछ भी हो रहा है, वह जल्द बंद होगा। उन्होंने कहा है कि बांग्लादेश में जो हो रहा है,

## *बांग्लादेश में हिंदू मर रहे, लेकिन भाजपा के शंकराचार्य श्रीमान मोदीजी अपना मुंह सिले बैठे हैं, शिवसेना का हमला*

एजेंसी/मुंबई ।शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर संसद में चर्चा नहीं होने दे रही। शिवसेना (उबाठा) के मुखपत्र 'सामना के संपादकीय में कहा गया है कि भाजपा पार्टी का हिंदुत्व ''राजनीतिक रूप से लेन–देन वाला, स्वार्थी और ढोंग वाला है। पार्टी ने संपादकीय में कहा, ''समान नागरिक संहिता और वक्फ बोर्ड अधिनियम में सुधार की घोषणा करना, हिंदुओं को तीन या चार बच्चे पैदा करके अपनी जनसंख्या बढ़ाने की सलाह देना और 'बंटेंगे तो कटेंगे का शोर मचाकर हिंदुओं के दिलों में डर पैदा कर चुनाव जीतना, भाजपा का हिंदुत्व सिर्फ यहीं तक ही सीमित है। संपादकीय में दावा किया गया, ''हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर संसद में चर्चा नहीं होने दी जा रही है और जॉर्ज सोरोस के मुद्दे पर भाजपा द्वारा कार्यवाही रोकी जा रही है। पार्टी ने कहा, ''शेख हसीना की सत्ता को उखाड़ फेंकने के बाद कट्टरपंथियों ने वहां हिंदू समुदाय को निशाना बनाया है। ...हिंदू मारे जा रहे हैं, लेकिन भाजपा के शंकराचार्य श्रीमान मोदीजी और उनके अनुयायी मुंह सिले बैठे हैं।श संपादकीय में दावा किया गया, ''बांग्लादेश में आए दिन हिंदू मारे जाते हैं, इससे उन्हें (भाजपा को) कोई फर्क नहीं पड़ता। 'सामना ने लिखा कि उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। कोलकाता में हुए आंदोलन में ढाका की जामदानी साड़ियों की होली जलाई गई, ।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ रांची में विभिन्न हिन्दू संगठनो का विरोध प्रदर्शन, राज भवन तक निकाला आक्रोश मार्च

एजेंसी/रांची। बांग्लादेश में हिंदुओं और हिन्दू मंदिरो पर हो रहे बर्बर अत्याचार और हमले के विरोध में रांची में विभिन्न हिन्दू संगठनो, इस्कोन आश्रम व अन्य संगठनों ने बापू वाटिका से राजभवन तक विरोध मार्च निकाला। इस विरोध प्रदर्शन में हजारों की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे। वहीं इस विरोध प्रदर्शन में शामिल भाजपा के रांची विधायक और पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे। उन्होंने कहा कि वहां के मठ मंदिरों पर हो रहे हमले के विरोध, इस्कॉन के स्वामी जी को गिरफ्तार करने और उन्हें बेल नहीं देने के विरोध में सर्व सनातन समाज ने अपने आक्रोश का प्रदर्शन करने के लिए राजभवन पहुंचे हैं। पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने कहा कि राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपेंगे, ताकि इसके माध्यम से एक संदेश केंद्र सरकार तक जाए। उन्होंने कहा साथी इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से हम बांग्लादेश को चेतावनी देना चाहते हैं कि बांग्लादेश में जो कुछ भी हिंदुओं के साथ हो रहा है उसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा।

# हिंदुओं की अनदेखी करने वाले नेताओं को बदलनी होगी अपनी सोच



संजय सक्सेना ।

हाल में सम्पन्न नौ विधान सभा सीटों की, दोनों ही बार अखिलेश ने कांग्रेस के साथ होते हुए भी उससे दूरी बनाये रखी। लोकसभा चुनाव में तो अखिलेश ने गठबंधन का धर्म निभाते हुए कुछ सीटें कांग्रेस के लिये छोड़ भी दी थीं, लेकिन उप चुनाव में तो कांग्रेस को एक भी सीट नहीं दी।बांग्लादेश में हिंदुओं, बौद्ध सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को जलाया व मारा जा रहा है। उनकी संपत्तियां लूटी जा रही हैं। माताओं व बहनों की इज्जत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। मंजर ऐसा है कि किसी की भी रूह कॉप जाये। बांग्लादेश में जो हो रहा है उसके सामने यूपी के संभल में जो कुछ हुआ कोई मायने नहीं रखता है। हाल में बहराइच में हुईं हिंसा भी बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रहे अत्याचार के सामने काफी छोटी नजर आती है। क्योकि संभल हो या बहराइच की हिंसा दोनों ही को विपक्ष कुछ ज्यादा ही बढ़ा–चढ़ाकर हंगामा खड़ा कर रखा है। संभल और बहराइच पर जितना बवाल गांधी परिवार और अखिलेश यादव मचा रहे हैं उतनी ही चुप्पी वह बांग्लादेश में हिन्दुओं और दलितों के साथ हो रहे खून खराबे को लेकर साधे हुए हैं। अखिलेश के पीडीए में पिछड़ा–दलित और अल्पसंख्यकों की बात जरूर की जाती है,लेकिन हकीकीत यही है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव मुस्लिम वोट बैंक के आगे किसी को तरजीह नहीं देते हैं। अखिलेश दलितों और पिछड़ों की बात सिर्फ इस वर्ग के वोटरों को गुमराह करने के लिये करते हैं। इसी तरह से दलितों और पिछड़ों को इंसाफ दिलाने के लिये कांग्रेस के नेता [illegible] जनगणना कराये जाने के लिये हाय–तौबा तो करती है,लेकिन उनका भी इससे कोई लेनादेना नहीं है। उनको भी सिर्फ मुस्लिम वोट बैंक नजर आता है।दरअसल, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस दोनों ही मुस्लिम वोट बैंक पर कब्जेदारी के चक्कर में एक–दूसरे के साथ–साथ (इंडिया गठबंधन में शामिल दोनों दल) होते हुए भी सियासी दुश्मन बनते जा रहे हैं। मुस्लिम वोट बैंक की खातिर यूपी में राहुल गांधी सपा प्रमुख की कंधे पर चढ़कर उनकी पीठ में 'छुरा' भोंकने की कोशिश कर रहे हैं तो अखिलेश यादव जिन्होंने भी नेताजी मुलायम सिंह के बाद मुस्लिम वोटरों को अपने जाल में फांस रखा है वह मुस्लिम वोटरों पर अपनी पकड़ कतई ढीली करने को तैयार नहीं है। इसी के चलते यूपी में राहुल गांधी और अखिलेश यादव की राह जुदा होती जा रही है। इसी साल हुए लोकसभा चुनाव की बात हो या फिर हाल में सम्पन्न नौ विधान सभा सीटों की, दोनों ही बार अखिलेश ने कांग्रेस के साथ होते हुए भी उससे दूरी बनाये रखी। लोकसभा चुनाव में तो अखिलेश ने गठबंधन का धर्म निभाते हुए कुछ सीटें कांग्रेस के लिये छोड़ भी दी थीं, लेकिन उप चुनाव में तो कांग्रेस को एक भी सीट नहीं दी।आलम यह है कि जब संभल में हुई हिंसा के बाद राहुल गांधी ने वहां जाने का कार्यक्रम बनाया तो समाजवादी पार्टी के महासचिव और अखिलेश के चचा रामगोपाल यादव इसे राहुल की नौटंकी करार दे दिया। इसको लेकर कांग्रेस और सपा के नेताओं के बीच एक–दूसरे के खिलाफ खूब बयानबाजी हुई, लेकिन रामगोपाल यादव की बात सच थी। इस बात का अहसास जल्द हो भी गया। ऐसा इसलिये था क्योंकि राहुल गांधी और उनकी नई–नई सांसद बहन प्रियंका वाड्रा को जब लोकसभा में संभल के पीड़ितों की आवाज उठाने का मौका मिला तो इन दोनों (राहुल–प्रियंका) के साथ–साथ पूरी कांग्रेस अडानी–अडानी करती रह गई। कांग्रेस के इन दिग्गज नेताओं ने एक भी शब्द संभल हिंसा को लेकर नहीं बोला।बांग्लादेश में हिन्दुओं और खासकर दलितों के खूब खराबे को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं की चुप्पी न तो बीजेपी को रास आई न ही बसपा सुप्रीमों मायावती को यह बर्दाश्त हुआ। योगी बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है उससे कुछ ज्यादा ही दुखी हैं। वह राहुल और अखिलेश जैसे नेताओं का नाम लिये बिना सवाल करते हैं "आज कुछ लोग समाज को धोखा दे रहे हैं। वे ही लोग समाज में झूठ फैला रहे हैं। हैदराबाद के निजाम और उनके रजाकारों की ओर से जब दलितों के गांव जलाए जा रहे थे तब भी वे चुप थें उस दौरान उनका शोषण हो रहा था। तब भी बाबा अंबेडकर ने खुला पत्र लिखा था कि निजाम की रियासत के सभी दलित रियासत को छोड़कर महाराष्ट्र चले जाएं, लेकिन अपना धर्म और मत न बदलें। पड़ोसी मुल्कों में अल्पसंख्यक हिंदुओं की घटती आबादी पर सीएम योगी ने कहा कि साल 1947 में पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं की बड़ी तादाद में आबादी रहती थी। बांग्लादेश में साल 1971 तक 22 फीसदी हिंदू रहा करते थे, लेकिन आज उनकी संख्या 6 से 8 फीसदी ही रह गई है। योगी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा, "जो लोग हमेशा दलितों को अपना वोट बैंक बना कर उनका शोषण करते आए हैं, वे आज बांग्लादेश की घटना पर मौन हैं. उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकल रहा। वे सच को स्वीकार नहीं कर सकते और न ही सच बोल सकते हैं। सिर्फ संविधान की प्रति दिखाकर ढोंग कर रहे हैं। उन्हें बाबा साहेब के मूल्यों से कोई लेना–देना ही नहीं है।

ऐसे ही आरोप बसपा सुप्रीमो मायावती भी लगा रही हैं। उन्होंने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार की घटनाओं को लेकर विपक्षी दलों को घेरा और पूछा कि मुख्य विपक्ष दल होने के बाद भी कांग्रेस और सपा इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं ? ये दोनों दल सिर्फ मुस्लिम वोटरों को साधने के लिए सिर्फ संभल हिंसा की बात कर मुस्लिम समाज को लड़वा रही हैं। मायावती ने मांग की कि केंद्र सरकार को बांग्लादेश के दलितों को भारत लाना चाहिए। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि संसद चल रही है और विपक्षी दल देश और यहां के जनहित के मुद्दे न उठाकर अपने राजनीतिक स्वार्थ में संभल में हुई हिंसा की आड़ में खासकर सपा और कांग्रेस पार्टी मुस्लिम वोट को रिझाने में लगी हुईं हैं। इन्हें बाकी मुद्दों से कोई लेना–देना नहीं है. उन्होंने आरोप लगाया कि ये दल मुस्लिम समाज को भी तुर्क और नॉन तुर्क को आपस में लड़ा रही है, जिससे मुस्लिम समाज को भी सतर्क रहना है।

कई दलों के नेता तो बांग्लादेश में हो रही हिंसा को लेकर चुप्पी साध रहे हैं, इसके अलावा मुस्लिम संगठन भी बांग्लादेश की हिंसा मुखर नजर नहीं आ रहे हैं, इसी के चलते भारतीय जनता पार्टी नेता शाहनवाज हुसैन देश के मुस्लिम संगठनों को लानत–मलानत भेज रहे हैं। उन्होंने कहा, बांग्लादेश में जिस तरह अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ जुल्म और ज्यादती हो रही है। उन पर जुल्म की सभी सीमाएं पार कर दी गईं। उस पर भारत सरकार की पूरी नजर है। लेकिन बांग्लादेश में हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहा है, धार्मिक स्थल जलाए जा रहे हैं, धर्म गुरुओं को मारा–पीटा जा रहा है, उस पर मुस्लिम संगठनों के लोग चुप हैं।

शाहनवाज ने कहा, अगर फिलिस्तीन या ईरान में मुस्लिमों के साथ कुछ होता है, तो ये लोग प्रदर्शन करते हैं, लेकिन बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है, वे मारे–काटे जा रहे हैं, लेकिन उलेमाओं की जुबान खुल ही नहीं रही है। वह कुछ बोल ही नहीं रहे हैं। पूरी दुनिया में अल्पसंख्यकों को कैसे रखा जाता है, उसके लिए आदर्श देश भारत है। अल्पसंख्यकों के लिए भारत से अच्छा कोई देश नहीं हो सकता। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की क्या हालत कर दी गई। पूरे मुस्लिम समुदाय को खुलकर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर मार्च निकालना चाहिए लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है।'

# सम्पादकीय

## रैगिंग के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं

पिछले दिनों गुजरात के पाटन में एक मेडिकल कॉलेज में रैगिंग के कारण 18 साल के एक छात्र की मौत के बाद उम्मीद जगी थी कि कॉलेजों में रैगिंग के मामलों पर रोक लगेगी लेकिन उसके बाद भी जिस प्रकार आये दिन देश भर से रैगिंग के मामले सामने आ रहे हैं, उन्हें देखते हुए कॉलेजों में रैगिंग को लेकर तत्काल कड़े कदम उठाने की जरूरत महसूस होने लगी है।

पाटन मेडिकल कॉलेज में रैगिंग से छात्र की मौत के मामले में खुलासा हुआ है कि 15 सीनियर छात्रों ने उस जूनियर छात्र सहित कई छात्रों से लगातार तीन घंटे डांस करवाया, गाने गवाए और उन्हें शारीरिक–मानसिक रूप से प्रताडिघ्त किया। मानसिक–शारीरिक यातना दिए जाने के कारण अनिल मेथानिया आधी रात को बेहोश होकर गिर पड़ा। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मेडिकल कॉलेज के द्वितीय वर्ष के 15 छात्रों को गैर–इरादतन हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। रैगिंग पर लगाम कसने को लेकर देश भर के तमाम शिक्षण संस्थानों में सख्ती बेहद जरूरी है क्योंकि हर साल ऐसे अनेक मामले सामने आते हैं, जिनमें रैगिंग के शिकार छात्र अवसाद के शिकार हो जाते हैं, कुछ रैगिंग से डर कर पढ़ाई बीच में छोड़ देते हैं, तो कुछ मौत को गले लगा लेते हैं। रैगिंग रोकने के लिए सख्त अदालती दिशा–निर्देश हैं, लेकिन जिस प्रकार रैगिंग के मामले सामने आ रहे हैं, उससे चिंता बढना स्वाभाविक है।

हिमाचल के एक मेडिकल कॉलेज में 2009 में रैगिंग से एक छात्र की मौत के बाद सुप्रीम कोर्ट ने देश के शिक्षण संस्थानों में रैगिंग विरोधी कानून सख्ती से लागू करने के आदेश दिए थे, जिसके तहत दोषी पाए जाने वाले छात्र को तीन साल के सश्रम कारावास और आर्थिक दंड का प्रावधान था। दोषी छात्र को कॉलेज तथा हॉस्टल से निलंबित या बर्खास्त किया जा सकता है। उसकी छात्रवृत्ति तथा अन्य सुविधाओं पर रोक, परीक्षा देने या परीक्षा परिणाम घोषित करने पर प्रतिबंध लगाने के अलावा अन्यत्र उसके दाखिले पर भी रोक लगाई जा सकती है। रैगिंग के मामले में कार्रवाई न करने अथवा मामले की अनदेखी करने पर कॉलेज के खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है, जिसमें कॉलेज पर आर्थिक दंड लगाने के अलावा कॉलेज की मान्यता रद्द करने का भी प्रावधान है।अदालत के दिशा–निर्देशों के तहत किसी छात्र के रंग–रूप या उसके पहनावे पर टिप्पणी करके उसके स्वाभिमान को ठेस पहुंचाना, उसकी क्षेत्रीयता, भाषा या जाति के आधार पर उसका अपमान करना, उसकी नस्ल या पारिवारिक पृष्ठभूमि पर अभद्र टिप्पणी करना या उससे जबरन किसी प्रकार का अनावश्यक कार्य कराया जाना रैगिंग के दायरे में सम्मिलित किया गया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा देश के प्रत्येक उच्च शिक्षण संस्थान में रैगिंग के खिलाफ एक समिति बनाने से लेकर संबंधित नियमों का पालन नहीं करने पर संस्थान की मान्यता रद्द करने तक के सख्त निर्देश हैं, लेकिन रैगिंग के लगातार सामने आते मामलों को देख कर हैरानी होती है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अरिजीत पसायत, जस्टिस डी. के. जैन तथा जस्टिस मुकुंदकम शर्मा की खंडपीठ ने रैगिंग रोकने के लिए 11 फरवरी, 2009 को पहली बार बेहद कड़ा रुख अपनाते हुए कहा था कि रैगिंग में मानवाधिकार हनन जैसी गंध आती है। खंडपीठ ने राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों को शिक्षण संस्थानों में रैगिंग पर रोक लगाने के लिए राघवन कमेटी की सिफारिशों को सख्ती से लागू करने का निर्देश देते हुए कहा था कि रैगिंग रोकने में विफल शिक्षण संस्थाओं की मान्यता रद्द करें। 2001 में भी सुप्रीम कोर्ट ने उन्नीकृष्णन समिति की सिफारिश के आधार पर रैगिंग पर प्रतिबंध लगाते हुए इसके लिए कठोर सजा का प्रावधान करते हुए ।

# ब्याज दरों में अब कमी होनी ही चाहिए

प्रह्लाद सबनानी ।

भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024–25 में सकल घरेलू उत्पाद में होने वाली वृद्धि दर के अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। क्योंकि, यह वृद्धि दर द्वितीय तिमाही में घटकर 5.4 प्रतिशत की रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने अपने वर्तमान कार्यकाल का अंतिम मुद्रा नीति वक्तव्य (मोनेटरी पॉलिसी स्टेट्मेंट) दिनांक 06 दिसम्बर 2024 को प्रातः 10 बजे जारी किया है। इस मुद्रा नीति वक्तव्य में रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं करते हुए इसे पिछले 22 माह से (अर्थात 11 मुद्रा नीति वक्तव्यों से) 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा गया है। यह संभवतरू भारतीय रिजर्व बैंक के इतिहास में सबसे अधिक समय तक स्थिर रहने वाली रेपो दर है। इस बढ़ी हुई रेपो दर का भारत के आर्थिक विकास पर अब विपरीत प्रभाव होता हुआ दिखाई दे रहा है क्योंकि वित्तीय वर्ष 2024–25 की द्वितीय तिमाही में भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर घटकर 5.4 प्रतिशत तक नीचे आ गई है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रत्येक दो माह के अंतराल पर मुद्रा नीति वक्तव्य जारी किया जाता है, परंतु पिछले 11 मुद्रा नीति वक्तव्यों में रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। जबकि, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर कुछ समय तक तो लगातार 6 प्रतिशत के सहनीय स्तर से नीचे बनी रही है।भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित औसत मुद्रा स्फीति के अनुमान को 4.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत कर दिया है। इसका आश्य यह है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रा स्फीति की दर संभवतरू वित्तीय वर्ष 2024–25 की तृतीय तिमाही में भी अधिक बनी रह सकती है। इसके पीछे खाद्य पदार्थों (विशेष रूप से फल एवं सब्जियों) की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि, एक मुख्य कारण जिम्मेदार हो सकता है। परंतु, क्या ब्याज दरों में वृद्धि कर खाद्य पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित किया जा सकता है? उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रा स्फीति की दर को आंकने में खाद्य पदार्थों का भार लगभग 40 प्रतिशत है। यदि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति में से खाद्य पदार्थों के भार को अलग कर दिया जाय तो यह आंकलन बनता है कि कोर पदार्थों की मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में बनी हुई है। खाद्य पदार्थों की कीमतों को बाजार में फलों एवं सब्जियों की आपूर्ति बढ़ाकर ही नियंत्रित किया जा सकता है, न कि ब्याज दरों में वृद्धि कर। इस वर्ष मानसून का पूरे देश में विस्तार ठीक तरह से नहीं रहा है, कुछ क्षेत्रों में बारिश की मात्रा अत्यधिक रही है एवं कुछ क्षेत्रों बारिश की मात्रा बहुत कम रही है, जिसका प्रभाव खाद्य पदार्थों की उत्पादकता पर भी विपरीत रूप से पड़ा है, जिससे अंततः खाद्य पदार्थों की कीमतों में उच्छाल देखा गया है।

बाद के समय में, अच्छे मानसून के पश्चात भारत में आने वाली रबी मौसम की फसल बहुत अच्छी मात्रा में आने की सम्भावना है क्योंकि न केवल फसल के कुल रकबे में वृद्धि दर्ज हुई है बल्कि पानी की पर्याप्त उपलब्धता के चलते फसल की उत्पादकता में भी वृद्धि होने की पर्याप्त सम्भावना है। इन कारकों के चलते आगे आने वाले समय में खाद्य पदार्थों की एवं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रा स्फीति की दर निश्चित ही नियंत्रण के रहने की सम्भावना है। इससे, निश्चित ही रेपो दर को कम करने की स्थिति निर्मित होती हुई दिखाई दे रही है। साथ ही, अमेरिका सहित यूरोप के विभिन्न देशों में भी ब्याज दरों को लगातार कम करने का चक्र प्रारम्भ हो चुका है, जिसका प्रभाव विश्व के अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी पड़े बिना नहीं रहेगा।दूसरी ओर, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024–25 में सकल घरेलू उत्पाद में होने वाली वृद्धि दर के अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। क्योंकि, यह वृद्धि दर द्वितीय तिमाही में घटकर 5.4 प्रतिशत की रही है। वित्तीय वर्ष 2024–25 की द्वितीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के कम रहने के कई विशेष कारण रहे हैं। देश में लोकसभा चुनाव के चलते केंद्र सरकार को अपने पूंजीगत खर्चों एवं सामान्य खर्चों में भारी कमी करना पड़ी थी। इसके बाद विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनावों के चलते इन राज्यों द्वारा किए जाने वाले सामान्य खर्चों में अतुलनीय कमी की गई थी। जिससे अंततः नागरिकों के हाथों में खर्च करने लायक राशि में भारी कमी हो गई। दूसरे, इस वर्ष भारत में मानसून भी अनियंत्रित सा रहा है जिससे कृषि क्षेत्र में उत्पादन प्रभावित हुआ एवं ग्रामीण इलाकों में नागरिकों की आय में कमी हो गई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों में अस्थिरता बनी रही, जिसके कारण भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात प्रभावित हुए। इस अवधि में विनिर्माण के क्षेत्र एवं माइनिंग के क्षेत्र में उत्पादन भी तुलनात्मक रूप से कम रहा। उक्त कारकों के चलते भारत में वित्तीय वर्ष 2024–25 की द्वितीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर बहुत कम रही है। इस द्वितीय तिमाही में विभिन्न कम्पनियों के वित्तीय परिणाम भी बहुत उत्साहजनक नहीं रहे हैं। इनकी लाभप्रदता में आच्छानुरूप वृद्धि दर्ज नहीं हुई है। कम्पनियों के वित्तीय परिणाम उत्साहजनक नहीं रहने के चलते विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से सितम्बर, अक्टोबर एवं नवम्बर माह में 1.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि निकाली है। जिससे भारतीय शेयर बाजार के निफ्टी सूचकांक में 3000 से अधिक अंकों की गिरावट दर्ज हुई है, निफ्टी सूचकांक अपने उच्चत्तम स्तर 26,400 से गिरकर 23,200 अंकों तक नीचे आ गया था। हालांकि अब यह पुनः बढ़कर 24,700 अंकों पर आ गया है और विदेशी संस्थागत निवेशकों ने एक बार पुनः भारतीय शेयर बाजार पर अपना भरोसा जताते हुए अपने निवेश में वृद्धि करना शुरू कर दिया है। अब देश में कुछ महत्वपूर्ण राज्यों में विधान सभा चुनावों एवं लोक सभा चुनाव के सम्पन्न होने के बाद केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा अपने पूंजीगत खर्चों एवं सामान्य खर्चों में वृद्धि की जाएगी। साथ ही, भारत में त्यौहारी मौसम एवं शादियों के मौसम में भारतीय नागरिकों के खर्चों में अपार वृद्धि होने की सम्भावना है। त्यौहारी एवं शादियों का मौसम भी नवम्बर एवं दिसम्बर 2024 माह में प्रारम्भ हो चुका है। एक अनुमान के अनुसार नवम्बर माह में मनाए गए दीपावली एवं अन्य त्यौहारों पर भारतीय नागरिकों ने लगभग 5 लाख करोड़




रुपए से अधिक की राशि का व्यय किया है। वित्तीय वर्ष 2024–25 के जनवरी 2025 माह (13 जनवरी) में प्रयागराज में कुंभ मेला भी प्रारम्भ होने जा रहा है जो फरवरी 2025 माह (26 फरवरी) तक चलेगा। यह कुम्भ मेला प्रत्येक 12 वर्षों में एक बार प्रयागराज में लगता है। एक अनुमान के अनुसार इस कुम्भ मेले में प्रतिदिन एक करोड़ नागरिक पहुंच सकते हैं। इससे देश में धार्मिक पर्यटन में भी अपार वृद्धि होगी। उक्त सभी कारणों के चलते, भारत में उपभोक्ता खर्च में भारी भरकम वृद्धि दर्ज होगी जो अंततः सकल घरेलू उत्पाद में पर्याप्त वृद्धि को दर्ज करने के सहायक होगी। साथ ही, अक्टोबर 2024 माह में भारत से विविध उत्पादों एवं सेवा क्षेत्र के निर्यात में भी बहुत अच्छी वृद्धि दर दर्ज हुई है। इससे अंततः भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 7 प्रतिशत से ऊपर बने रहने की प्रबल सम्भावना बनती नजर आ रही है।

साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक ने नकदी रिजर्व अनुपात में 50 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 4.5 प्रतिशत से घटाकर 4 प्रतिशत कर दिया है। इससे 1.16 लाख करोड़ रुपए की राशि भारतीय रिजर्व बैंक से बैकों को प्राप्त होगी एवं इस राशि से बैंकिंग क्षेत्र में तरलता में सुधार होगा एवं बैंकों की कर्ज देने की क्षमता में भी वृद्धि होगी। अधिक ऋणराशि की उपलब्धता से व्यापार एवं उद्योग की गतिविधियों को बल मिलेगा जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि करने में सहायक होगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिकी डॉलर के लगातार मजबूत होने से बाजार में रुपए की कीमत लगातार गिर रही है और रुपए की कीमतों को नियंत्रण में रखने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक को बाजार में डॉलर की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु अमेरिकी डॉलर को बेचना पड़ रहा है। जिससे, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार 70,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर के उच्चत्तम स्तर से नीचे गिरकर 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के निचले स्तर पर आ गए हैं। साथ ही, रुपए की कीमत गिरकर 84.63 रुपए प्रति डॉलर के स्तर पर आ गई है। अतः यदि देश में व्यापारिक गतिविधियों में सुधार होता है एवं सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर्ज होती है तो विदेशी निवेश भी भारत में पुनः वृद्धि दर्ज करेगा एवं विदेशी मुद्रा भंडार भी अपने पुराने उच्चत्तम स्तर को प्राप्त कर सकेंगे। कुल मिलाकर भारत में अब ब्याज दरों में कमी करने का समय आ गया है।



# बांग्लादेश- कट्टरपंथी जमात के निशाने पर हिंदुओं का जान-माल, सुरक्षा के लिए भारत सरकार करे पहल

दीपक कुमार त्यागी । क्मब 10 2024 3रू27च्ड

बांग्लादेश में हिंदुओं को चुन–चुन कर के निशाना बनाया जा रहा उस वक्त इन लोगों की पूरी जमात की जुबान से एक शब्द भी हिंदुओं की रक्षा की अपील तक के लिए नहीं निकल रहा है, जो स्थिति हम सभी सनातन धर्म के अनुयायियों व देश के सभी नीति–निर्माताओं के लिए चिंताजनक व विचारणीय है।

बांग्लादेश में 5 अगस्त 2024 की दोपहर को हुए शेख हसीना की सरकार के तख्तापलट के बाद से ही वहां की कट्टरपंथी जहरीली जमात के द्वारा हिंदुओं के जान–माल व मंदिर को चुन–चुन कर के निशान बनाया जा रहा है, इन कट्टरपंथियों के द्वारा हिंदुओं के जान–माल को तब से ही जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। हालांकि तख्तापलट के बाद बहुत सारे लोगों को यह उम्मीद थी कि अब देश में नोबेल पुरस्कार प्राप्त मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन होने के बाद वहां के हाल धीरे–धीरे पूरी तरह से सुधर जायेंगे। लेकिन अफसोस मोहम्मद यूनुस तो भारत व हिंदूओं के विरोध में अंधे होकर के खुद इन कट्टरपंथियों की गोद में जाकर बैठ गये हैं और कई माह बीतने के बाद भी बांग्लादेश के हालात सुधरने की जगह और खराब हो गये हैं। देश व दुनिया के मीडिया के सूत्रों से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलें की हजारों की संख्या में जघन्य अपराध वाली घटनाएं घटित हो चुकी हैं, हिंदू इन घटनाओं में अपनी अनमोल जान–माल को गंवा रहे हैं, जो बांग्लादेश के अंदरुनी भयावह हालात के बारे में बताने के लिए काफी हैं। मीडिया स्रोतों से जो खबरें लोगों को निरंतर मिल रही हैं, वह देश व दुनिया के सभी हिंदुओं के साथ–साथ इंसान व इंसानियत को बेहद बुरी तरह से झकझोर देने वाली है। क्योंकि तख्तापलट के बाद से बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के द्वारा भारत विरोध व हिंदुओं के जान–माल को जानबूझकर जमकर के निशान बनाया जा रहा है। हिंदुओं को मोहम्मद यूनुस सरकार के संरक्षण प्राप्त इस्लामिक कट्टरपंथियों के द्वारा सरेआम मौत के घाट तक उतारा जा रहा है। वहां हिंदुओं के मंदिर, मकान, दुकान व फेक्ट्रियों आदि को तोड़फोड़ कर के बड़े पैमाने पर आग के हवाले खुलेआम किया जा रहा है और अफसोस की बात यह है कि बांग्लादेश की पुलिस–फोर्स नियम–कायदे व कानून के अनुसार मानवता की रक्षा ना करके खुल्लम–खुल्ला इन भारत व हिंदूओं की विरोधी कट्टरपंथियों की जमात का साथ दे रही है। लेकिन इस हाल में हम भारतवासियों के लिए सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि पूरे विश्व के किसी भी कौने में अगर इस्लाम धर्म के किसी व्यक्ति के साथ किसी अन्य धर्म के व्यक्ति के द्वारा कोई अप्रिय घटना घटित कर दी जाती है, तो हमारे प्यारे देश भारत तक में भी इस्लामिक कट्टरपंथियों के इशारे पर उनके बहुत सारे लोगों को जमकर सड़कों पर बवाल काटते देखा जाता है। लेकिन अब जब बांग्लादेश में हिंदुओं को चुन–चुन कर के निशाना बनाया जा रहा उस वक्त इन लोगों की पूरी जमात की जुबान से एक शब्द भी हिंदुओं की रक्षा की अपील तक के लिए नहीं निकल रहा है, जो स्थिति हम सभी सनातन धर्म के अनुयायियों व देश के सभी नीति–निर्माताओं के लिए चिंताजनक व विचारणीय है।यहां आपको याद दिला दें कि पूरी दुनिया ने देखा है कि किस तरह से वर्ष 1971 में तत्कालीन भारत सरकार ने पाकिस्तानियों के अत्याचार से बांग्लादेश की जनता को एक अलग राष्ट्र बांग्लादेश का निर्माण करके अत्याचार से मुक्ति दिलाने का कार्य भारतीय सेना के जांबाजों के नेतृत्व में ही किया था, जिसके चलते ही भारत के लंबे समय से बांग्लादेश से मधुर संबंध रहे हैं। लेकिन मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में वहां की अंतरिम सरकार के बनने के बाद भारत–बांग्लादेश के संबंधों में बहुत तेजी के साथ कड़वाहट शुरू हुई है। संबंध खराब करने के लिए रही–सही कसर पाकिस्तान के इशारे पर बांग्लादेश के इस्लामिक कट्टरपंथियों के द्वारा हिंदुओं को निशाना बनाकर पूरी की जा रही है। जिस बेहद तनावपूर्ण स्थिति के चलते ही संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद अब दोनों देशों के बीच काफी तल्खघ कूटनीतिक भाषा का इस्तेमाल हो रहा है, जो स्थिति आने वाले समय में भारत–बांग्लादेश के संबंधों व वैश्विक स्तर पर ठीक नहीं है। यहां आपको एकबार फिर से याद दिला दें कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से ही भारत विरोधी गतिविधियां और हिंदुओं पर हमले के मामले बहुत तेजी से बढ़े हैं। जिसके बाद से ही बांग्लादेश का हिंदू समुदाय अपनी सुरक्षा करने की मांग को लेकर व हमले के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर के पूरे बांग्लादेश में जगह जगह छोटे–बड़े विरोध प्रदर्शन निरंतर कर रहा है। जिन प्रदर्शनों में हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास बढ़–चढ़कर के भाग ले रहे थे और वह पूरे बांग्लादेश में घूम–घूमकर अत्याचार के खिलाफ हिंदुओं को संगठित कर रहे थे और भारत व दुनिया से बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा करने की मांग कर रहे थे, जिसके चलते ही हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार की आंखों का कांटा बने हुए थे, जिस वजह से ही हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश सरकार के इशारे पर गिरफ्तार कर लिया गया था और वहां के न्यायालय में हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की आवाज उठाने वाले अधिवक्ता पर भी जानलेवा हमला करके व उसके चौंबर में तोड़फोड़ करके उसको भी निशाना बनाया गया था।वहीं बांग्लादेश के मुद्दे पर हाल ही में एक नियमित प्रेस ब्रीफिंग में सवाल पूछें जाने पर अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा था। कि – हम इस बात को लेकर स्पष्ट हैं कि मौलिक स्वतंत्रता का सम्मान होना चाहिए। सरकारों को कानून के शासन का सम्मान करने की आवश्यकता है, उन्हें आधारभूत मानवाधिकारों का सम्मान करने की आवश्यकता है। हम इस बात पर हमेशा जोर देते रहेंगे। किसी भी तरह का विरोध शांतिपूर्ण होना चाहिए। हम इस बात पर बल देते हैं कि हिरासत में लिए गए लोगों को भी उचित प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए

## अंतर्राष्ट्रीय रामायण कानक्लेव में चित्रकला शिविर का शुभारंभ




अयोध्या(एजेंसी)। राम की पैड़ी में आयोजित पहले अंतर्राष्ट्रीय रामायण कॉनक्लेव में चित्रकला शिविर का उद्घाटन नगर विधायक और सदस्य विधानसभा स्तरीय पर्यटन स्थाई समिति वेद प्रकाश गुप्ता ने दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि श्रीलंका, नेपाल और भारत के छह राज्यों मेंआयोजित इस कॉनक्लेव के तहत चित्रकला, लोक नृत्य, लोक गायन, कवि सम्मेलन और विद्वतजन का प्रबोधन आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन पहली बार अयोध्या में हो रहा है। चित्रकला प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया और श्रीराम के प्रसंगों को रंगों के माध्यम से प्रदर्शित किया, जिससे उपस्थित सभी लोग प्रभावित हुए। राम की पैड़ी में आयोजित इस कॉनक्लेव में संतों और विद्वतजन के प्रबोधन सत्र की शुरुआत महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित करके की। इसके बाद साहित्यकार यतींद्र मिश्र ने संवाद सत्र का विषय प्रवर्तन किया। हनुमत पीठ के पीठाधीश्वर आचार्य मिथिलेशनंदनी शरण ने कहा कि अयोध्या वैकुंठ से श्रेष्ठ है क्योंकि यहां सप्त हरि विराजमान हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज की पीढ़ी को शास्त्रों और ग्रंथों का अध्ययन करना चाहिए, ताकि वे जीवन के गूढ़ अर्थों को समझ सकें। महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने इस आयोजन को एक सकारात्मक प्रयास बताया और कहा कि यह राम की समग्रता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फैलाने का उत्तम माध्यम है। वहीं, बड़ा भक्तमाल के महंत अवधेश दास जी ने राम के नाम के स्मरण को अनिवार्य बताया और कहा कि जीवन जीने की शैली राम चरित्र से बेहतर कोई नहीं है। इस आयोजन का संयोजन अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान, अयोध्या और राज्य ललित कला एकादमी, उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर संत, महंत और भक्तजन भारी संख्या में उपस्थित रहे। निदेशक संतोष कुमार शर्मा ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खेलों को बढ़ावा देना व युवा शक्ति को दिशा देना हमारी प्राथमिकता : वेद प्रकाश गुप्ता

### -दो दिवसीय मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



अयोध्या(एजेंसी) ।डा. भीमराव अम्बेडकर राज्य विद्यालयी क्रीडा संस्थान, मकबरा में आयोजित दो देर से मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व रुदौली विधायक रामचंद्र यादव की ओर से उद्घाटन किया गया। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि मंडलीय खेल प्रतियोगिता में शामिल होने वाले छात्र अपने जिले के बेहतरीन खिलाड़ी हैं। छात्र मनोबल सदैव ऊंचा रखें। साधना और दृढ़ निश्चय से ही कठिन लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। युवा खेलों में प्रतिभा और परिश्रम की कोई कमी नहीं है। प्रतियोगिता सिर्फ खेल के क्षेत्र में उन्नति का एक माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और समृद्ध परंपराओं का भी प्रतीक है। युवा खिलाड़ी हुनर से न केवल क्षेत्र बल्कि देश का नाम रोशन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दृष्टि के अनुरूप, खेलों को बढ़ावा देना और युवा शक्ति को दिशा देना हमारी प्राथमिकता है। सरकार ने खेलों के विकास हेतु अनेक योजनाएं बनाई हैं और हमें यकीन है कि इन योजनाओं के माध्यम से हम बहुत जल्द देश और प्रदेश को एक खेल महाशक्ति के रूप में देखेंगे।

50 मीटर प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में विशाल अयोध्या प्रथम अरबाज अमेठी द्वितीय सनी सुल्तानपुर तृतीय स्थान पर रहे जबकि 50 मी प्राथमिक बालिका वर्ग में सृष्टि अयोध्या प्रथम साइन उमा बाराबंकी द्वितीय छवि पाठक सुल्तानपुर तृतीय स्थान पर रही ।100 मीटर प्राथमिक स्तर बालिका में सुकृति यादव सुल्तानपुर प्रथम, सयनुमा बाराबंकी द्वितीय, शिफा अमेठी तृतीय स्थान पर रही,100 मीटर बालक में रोहित अयोध्या प्रथम, आदित्य अंबेडकर नगर द्वितीय आयुष अमेठी तृतीय रहे।

100 मीटर जूनियर बालक वर्ग में अमरेंद्र प्रताप अयोध्या प्रथम प्रभात पाठक बाराबंकी द्वितीय किशन साहू सुल्तानपुर तृतीय स्थान पर रहे और जूनियर बालिका वर्ग में अंजलि अंबेडकर नगर प्रथम खुशी अमेठी द्वितीय शाहजहां अयोध्या और आंचल सुल्तानपुर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही।खो खो जूनियर बालक वर्ग प्रतियोगिता में अयोध्या विजेता और अंबेडकर नगर उपविजेता रहा। कबड्डी प्राथमिक बालक वर्ग में अमेठी विजेता और अंबेडकर नगर विजेता रहा।इस दौरान सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) अयोध्या, मण्डल कौस्तुभ कुमार सिंह , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,अमेठी संजय तिवारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,सुल्तानपुर उपेन्द्र गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,अम्बेडकर नगर भोलेन्द्र प्रताप सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,बाराबंकी संतोष कुमार देव पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## खेलते-खेलते भगौने के पानी में डूबने से मासूम की हुई मौत, परिवार में मचा हड़कंप

मीरजापुर(एजेंसी)। जिले में एक दिल को झकझोर कर रख देने वाली घटना सामने आई है. जहां एक दो वर्ष की मासूम बच्ची की मौत ने सभी को हिला दिया है. दरअसल, यह पूरा मामला मिर्जापुर के एक आदिवासी परिवार से जुड़ा हुआ है. जहां बच्ची की मौत से पूरे गांव में मातम छा गया है. बताया जा रहा है कि कि मिर्जापुर जिले के मड़िहान थाना क्षेत्र अंतर्गत सुगापाख गांव में संतोष आदिवासी का परिवार रहता है. सोमवार की सुबह संतोष को दो वर्षीया बेटी की पानी में डूबकर मौत हो जाती है. मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया. परिजनों के मुताबिक संतोष आदिवासी का परिवार सुबह घर के काम–काज में लगा हुआ था. इसी दौरान उनकी दो वर्षीया पुत्री रिया घर के आंगन में खेल में खेलते–खेलते पास में पानी से भरे स्टील के भगौने में गिर जाती है. कुछ देर बाद घर वालों की जब नजर पड़ी तो वह पानी भरे भगौने में पड़ी हुई थी. आनन–फानन में सभी चिखते चिल्लाने हुए बच्ची को भगोने से बाहर निकालकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़िहान लेकर पहुंचते हैं, जहां बच्ची को देखते ही चिकित्सक ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया. बच्ची के मौत की जानकारी होने पर परिजन में कोहराम मच गया है, सभी का रो–रोकर जहा बुराहाल हो उठा हैं, वहीं गांव और परिवार के लोगों को इस बात का मलाल है कि काश, थोड़े पहले ही पता चल जाता तो शायद बच्ची की जान बचाई जा सकती थी.

## सड़क दुर्घटना में मामा-भांजी सहित चार हुए घायल, मामा की हुई मौत

मीरजापुर(एजेंसी)। जिले में दो बाइकों की आमने–सामने भिड़ंत में मामा की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि भांजी गंभीर रूप से घायल होनी बताई जा रही है. दुर्घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के विशुनपुर गांव के समीप दुईमुहिंया मोड़ के आगे आदर्श कालेज के पास की बताई जा रही है. जानकारी के मुताबिक देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नौहां गांव निवासी अंकित 18 वर्ष पुत्र राजेन्द्र सोमवार को दोपहर में तकरीबन 01.5 मिनट पर बाइक से अपनी 13 वर्षीया भांजी को लेकर बाइक घर लौट रहा था कि जैसे ही वह दुईमुहिंया मोड़ के समीप आदर्श कालेज पास पहुंचा ही कि सामने से आ रहे एक अन्य बाइक से दोनों की आमने–सामने जोरदार टक्कर हो गई जिसमें मामा–भांजी सहित दूसरी बाइक पर सवार लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उधर से गुजर रहे लोगों की मदद से मंडलीय अस्पताल स्थित ट्रामा सेंटर भिजवाया गया. जहां गंभीर रूप से घायल अंकित की मौत हो गई है. जबकि घायल भांजी का उपचार चल रहा है. इस हादसे में दूसरी बाइक पर सवार लोग भी घायल होने बताएं जा रहें हैं.प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो यदि हेलमेट होता तो अंकित की जान बच सकती थी. दोनों बाइक सवार लोग हेलमेट नहीं लगाए हुए थे ऐसे में लोगों से कहते सुना जा रहा था कि यदि हेलमेट होती तो शायद इतनी बड़ी दुर्घटना ना होती. दूसरी ओर जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है.अंकित के गांव में जैसे ही दुर्घटना की खबर हुई है काफी संख्या में ग्रामीण और परिजन मंडलीय अस्पताल पहुंच गए थे, जहां अंकित की मौत हो जाने की जानकारी होते ही उसके माता–पिता अचेत हो गए थे जिन्हें बाद में होश में आने पर लोगों को संभालना भारी पड़ रहा था. बेटे की मौत से आहत मां ने हाथों की चूड़ियां तोड़ बेसुध होकर गिर पड़ी थी.

## अजब-गजब ‘ लाखों का बैंक ऋण लेकर भैंस पाला, चोरों ने पलभर में भैंस किया पार

मीरजापुर(एजेंसी)। किसी जमाने में एक दिग्गज नेता की भैंस चोरी हो जाने पर पूरे प्रदेश ही नहीं पड़ोसी राज्य में भी खाक छान मारने वाली यूपी एक गरीब की दो भैंस चोरी हो जाने पर भैंस की हुलिया और फोटो लाने की बात कह रही है. जी हां! यह दिलचस्प मामला उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र से जुड़ा होना बताया जा रहा है. विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत उधीपुर, अकोढ़ी गांव निवासी विमला देवी पत्नी अमृत लाल यादव ने कुछ महीने पहले भ्क्ष्ब्ध बैंक की मिर्जापुर शाखा से ऋण पर रुपए लेकर जीविकोपार्जन के लिए तीन भैंस पालना शुरू किया था. तीनों भैंस इन दिनों गर्भ से थीं जो अब–तब की स्थिति में थीं. दोनों बुजुर्ग खुश थें कि उनकी भैंस बच्चा जनने वाली हैं. इसी बीच 7ध्8 दिसंबर की रात्रि में पशु चोरों ने मौका देखकर जब दोनों पति–पत्नी गहरी नींद की आगोश में थें खूंटे से तीन भैंस में से दो को खोल ले गए. सुबह होने पर खूंटे से बंधी हुई दो भैंसों को गायब देख उनके होश उड़ गए. पहले तो आस–पास सहित पूरे गांव में तलाश किया, लेकिन कोई भी जानकारी नहीं होने पर विंध्याचल कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना देकर कार्रवाई करते हुए दोनों भैंसों का पता लगाने की गुहार लगाई है. पीड़िता विमला देवी की मानें तो भैंस की फोटो व हुलिया पुलिस मांग रही है, दोनों अशिक्षित और गरीब हैं भैंस चोरी हो जाने से उन्हें लाखों का झटका लगा है. विमला देवी ने बताया है कि उनके घर के आसपास कई घरों के बाहर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं पुलिस तत्परता बरततें हुए छानबीन करें तो चोरों की पहचान हो सकती है. दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि जानकारी हुई है छानबीन की जा रही है।

## सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया सोनिया गांधी का 78वां जन्मदिन

### –पार्टी कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान



अयोध्या(एजेंसी)। कांग्रेस पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा यूपीए की चेयर पर्सन श्रीमती सोनिया गांधी का 78 वा जन्मदिन कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर आयोजित रक्तदान शिविर में जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ,अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष अमीरू, फैजान खान तथा राजन यादव ने रक्तदान किया तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष शिव पांडे के नेतृत्व में केक काटा गया। कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर गोष्ठी का आयोजन हुआ इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा संचालन महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने किया। जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने श्रीमती सोनिया गांधी को त्याग और सादगी की प्रतिमूर्ति बताते हुए कहा यूपीए की सरकार बनने पर श्रीमती सोनिया गांधी आसानी से प्रधानमंत्री बन सकती थी पर वे ना ही सरकार में शामिल हुई और ना ही अपने पुत्र राहुल गांधी अथवा प्रियंका गांधी को मंत्रिमंडल में शामिल किया। उनका यह निर्णय कांग्रेस पर वंशवाद का आरोप लगाने वालों के लिए करारा जवाब था। पीसीसी राजेंद्र प्रताप सिंह तथा महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा सास और पति की मृत्यु के बाद श्रीमती सोनिया गांधी राजनीति में आने की बिल्कुल इच्छुक नहीं थी परंतु कांग्रेस कार्यकर्ताओं के दबाव में उनके सक्रिय राजनीति में आने के बाद विपक्ष ने उन पर चारित्रिक आरोप लगाए तथा उनके विदेशी मूल के मुद्दे को उठाया। परंतु इन सब मुद्दों को नजरअंदाज करते हुए आज सोनिया जी इस देश की सर्वमान्य और लोकप्रिय नेता है। जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा यह श्रीमती सोनिया गांधी का राजनीतिक कौशल ही था की विपरीत परिस्थितियों में कांग्रेस ने श्रीमती गांधी के नेतृत्व में 10 वर्षों तक यूपीए की सरकार निर्बाध और अविवादित रूप से चलाई। श्रीमती सोनिया गांधी को गरीबों की बहुत चिंता थी, उन्होंने यूपीए सरकार के समय संसद में तबीयत खराब होने के बावजूद आधी रात को खाद्य सुरक्षा अधिनियम पास कराया जिसके तहत गरीबों कोध1 किलो गेहूं तथा छ2 किलो चावल का प्रावधान किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एआईसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, पूर्व विधायक माधव प्रसाद,प्रवीण श्रीवास्तव, सेवा दल के पूर्व नगर अध्यक्ष फ्लावर नकवी, उमेश उपाध्याय, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद आमिर, कविंद्र साहनी,मोहम्मदआरिफ, धीरेन्द्र सिंह बब्लू,रोहित यादव आदि उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय मां ज्वाला महोत्सव का हुआ भव्य समापन

### -ग्रामीण अंचल में आयोजित महोत्सव का क्षेत्रवासियों ने लिया खूब आनंद



सोहावल–अयोध्या(एजेंसी)। क्षेत्र के सोहावल ब्लाक में खिरौनी नगर पंचायत नगर में सिद्ध पीठ मां ज्वाला मंदिर पर मां ज्वाला फाउण्डेशन द्वारा तीन दिवसीय मां ज्वाला महोत्सव का आयोजन किया गया । ग्रामीण अंचल का यह पहला महोत्सव है। जिसमें क्षेत्रवासियों ने महोत्सव का खूब आनंद लिया। जहां प्रथम दिन बीकापुर के विधायक डा. अमित सिंह चौहान ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया तो वहीं भजन संध्या में भजन सम्राट धर्मेंद्र पंडित ने महफिल लूट ली। उत्तर प्रदेश के मशहूर बिरहा गायक छबिलाल पाल ने बिरहा गाकर सभी को खूब आनंदित किया। इस मौके पर सोहावल के उप जिलाधिकारी अशोक सैनी एवं योगेन्द्र जिला प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ उपस्थित रहे। द्वितीय दिवस प्रशांत महाराज ने जब भरत जी के चरित्र पर कथा सुनायी तो सभी भाव विभोर हो गये।इस मौके पर पूर्व प्रधान सत्य नाम सिंह, राधेश्याम सिंह, दीपू पाण्डेय, अशोक सिंह उपस्थित रहे। ठीक उसके बाद कवि सम्मेलन का जब कविता पाठ आनंद हुआ दर्शक खुशी से झूम उठे इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में तक्षशिला आईएएस के डायरेक्टर संतोष मिश्रा यशोदा आयुर्वेद के डॉक्टर शेषधर पांडे उपस्थित रहे। महोत्सव के तीसरे दिन जब मंच पर फरवाही नृत्य आरंभ हुआ। वहां के लोगों में गजब का उत्साह और तालियों से सभी का अभिवादन किया उसके बाद प्रकृति यादव ने अपनी टीम के साथ वाहवाही बटोरी। शास्त्रीय गायक पंडित सत्य प्रकाश मिश्रा ने चौक पुराओ मंगल गाओ गाकर सभी को भाव विभोर कर दिया।उसके बाद लगभग 501 लोगों के द्वारा भारत माता की आरती किया गया।जिसके मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता इंजीनियर रवि तिवारी रहे। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर विवेक पांडेय रुद्राक्ष, बृजमोहन तिवारी, क्षेत्रीय गायक ओम प्रकाश निराला आदि लोगों ने अपनी प्रस्तुति दी। समापन के अवसर पर अयोध्या के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय खुन्नू, अखंड प्रताप सिंह डिंपल, चंद्रभानु पासवान, सहकारी बैंक सभापति धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, मसौधा ब्लाक प्रमुख अभिषेक सिंह, जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी, अंकुर सिंह मंडल अध्यक्ष अरुण तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे इस अवसर पर अध्यक्ष प्रवीण सिंह ने सभी को अंग वस्त्र एवं भगवान श्रीराम का चित्र देकर सम्मानित किया। उसके साथ–साथ समाज में अच्छा कार्य कर रहे पांच विभूतियों को मां ज्वाला रत्न से सम्मानित किया गया।कृष्ण कुमार पाण्डेय ने आयोजन समिति को शुभकामनाएं दी। कहा कि मां ज्वाला महोत्सव अगले वर्ष जिले का सबसे बड़ा महोत्सव होगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मांडवी तिवारी, सचिव सन्तोष गुप्ता, कोषाध्यक्ष पंकज मिश्रा,प्रबंधक प्रशान्त शुक्ल, पंकज पाण्डेय,विकास रावत, अंशुमान श्रीवास्तव, दीपू पाण्डेय,राहुल सिंह, अनिल सिंह, आलोक सिंह आदि उपस्थिति रहे।

## प्रधान प्रतिनिधि ने नंद बाबा धाम पर दर्शन-पूजन करने आए श्रद्धालुओं पर किया जानलेवा हमला

मिल्कीपुर–अयोध्या(एजेंसी)। इनायत नगर थाना के पुलिस चौकी हैरिंग्टनगंज क्षेत्र अंतर्गत खड़भड़िया स्थित नंद बाबा धाम पर दर्शन पूजन करने आए श्रद्धालुओं को प्रधान प्रतिनिधि द्वारा अपने गुर्गों के साथ बर्बरता से मारे–पीटे जाने का मामला प्रकाश में आया है। श्रद्धालुओं की तहरीर पर पुलिस ने प्रधान प्रतिनिधि व एक अन्य के खिलाफ नामजद केस दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।बता दें कि इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रनापुर पूरे सूबेदार गांव निवासी श्याम लाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार की सुबह लगभग 8 बजे पुलिस चौकी हैरिंग्टनगंज के खड़भड़िया स्थित नंद बाबा धाम पर दर्शन–पूजन के लिए गया था। धाम पर दर्शन–पूजन कर ही रहा था, तभी खड़भड़िया पूरे खिरई गांव निवासी प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश व बलराम अपने गुर्गों के साथ लाठी–डंडों व असलहे से लेश हो कर वहां आ धमके और जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित की चीख पुकार सुनकर दर्शन पूजन करने आए राम जी निवासी बसवार खुर्द तथा राम चरित्र निवासी हरिनाथपुर के बीच बचाव करने पर मंदिर के अंदर अपने को बंद कर लिया। जिससे किसी तरह जान बचीं। हल्ला गुहार सुनकर आस–पास के लोगों को इकट्ठा होते देख कर उक्त लोग बंदूक लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पाण्डेय ने बताया मामले में प्राथमिकी दर्ज करके चोटहिलों का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। साथ–साथ ही साथ आरोपियों की तलाश शुरू कर दिया गया है।

## मण्डलायुक्तने बिन्दुवार योजनाओं की समीक्षा कर प्रगति के बारे में ली जानकारी

मीरजापुर(एजेंसी)। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ मुथुकुमार स्वामी बी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में अटल आवासीय विद्यालय सोनभद्र के संचालन तथा अवस्थापना एवं अन्य सुविधाओं हेतु किए गए क्रय, निविदा के सम्बन्ध में किये गये कार्यो के अनुमोदन एवं शैक्षिणक सत्र 2024–25 में कक्षा 6 एवं 9 में प्रवेशित बच्चों के स्थानापन्न प्रवेश हेतु गठित मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में विद्यालय में अवस्थापना सुविधाओं, संचालन हेतु की गयी व्यवस्थाओं हेतु किये गये विभिन्न टेण्डरों का प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्योत्तर अनुमोदन तथा भुगतान की स्वीकृति प्रदान करते हुए शैक्षिणिक सत्र 2024–25 कक्षा–6 एवं कक्षा–9 के विद्यालय में प्रवेशित बच्चों के विद्यालय छोड़ने के उपरान्त लिये गये प्रतिस्थानी प्रवेश का समिति द्वारा कार्योत्तर अनुमोदन किया गया। शैक्षिणिक सत्र 2024–25 में विद्यालय के फर्निशिंग एवं अन्य सुविधाओं से सम्बन्धित बिन्दुवार विस्तृत समीक्षा की गई। मण्डलायुक्त प्रधानाचार्य अटल आवासीय विद्यालय को निर्देशित किया कि टेण्डर के चयन की प्रकिया में शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कराया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी परिवर्तन अपने स्तर न करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानाचार्य विद्यालय के किचन के साफ सफाई, शौचालय आदि का प्रतिदिन निरीक्षण कर साफ कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कमेटी के सदस्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि माह में कम से कम एक बार विद्यालय का अवश्य निरीक्षण करे तथा पाई गई कमियों को दुरूस्त कराएं। बैठक में जिला विकास अधिकारी सोनभद्र, डीएलसी पिपरी, प्रधानाचार्य अटल आवासी विद्यालय गुरमुरा सोनभद्र विनोद कुमार मण्डल अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग खण्ड दो, जिला विद्यालय निरीक्षक सोनभद्र संयुक्त निदेशक शिक्षा, अवर अभियन्ता लोक निर्माण विभाग मीरजापुर उपस्थित रहें।

## सड़क दुर्घटना में घायल एकलौते पुत्र की मौत, माता-पिता का छीना सहारा

मीरजापुर(एजेंसी)। जिले के पड़री क्षेत्र के पड़री गांव निवासी सेवानिकृत्त अध्यापक परदेशी लाल वर्मा के इकलौते पुत्र 25 वर्षीय सुशील उर्फ गोलू की बीएचयू ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी होते ही गांव परिवार में हड़कंप मचा हुआ है। सभी का रो–रोकर बुराहाल हो गया है। जानकारी के अनुसार सुशील बीते शनिवार की शाम अपने ससुराल जिगना बाइक से जा रहा था उसी दौरान जिगना गांव के समीप बाइक असंतुलित होकर बगल से जा रहे दूसरे बाइक में जोरदार टक्टर लगने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया था।

## बीमा सखी कार्यक्रम में महिलाओं ने आत्मनिर्भर बनने का लिया संकल्प

अयोध्या(एजेंसी)। देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हुई, महिला




शक्ति को एक स्वाभिमानी और स्वावलम्बी बनाने की ओर देश के प्रधानमंत्री द्वारा देश की सर्वश्रेष्ठ बीमा कम्पनी, भारतीय जीवन बीमा निगम की तरफ से महिला स्वरोजगार को समर्पित बीमा सखी योजना का प्रारम्भ पानीपत से किया गया। ये महिलाओ के आर्थिक सशक्तिकरण एवम आर्थिक आजादी को बल प्रदान करती हुई एक ऐसी योजना है जिसमे 18 वर्ष से 70 वर्ष तक की दसवी पास महिला पात्र है। इसमें 03 वर्ष तक क्रमशः मानदेय रूपया 7000 प्रति माह, रूपया 6000 प्रति माह तथा रूपया 5000 प्रति माह देय है। मानदेय के अतिरिक्त बीमा सखी द्वारा किये गए व्यवसाय पर आकर्षक कमीशन भी प्राप्त होगा। व्यावसायिक मानक पूर्ण करने वाली "बीमा सखी" को भविष्य मे आकर्षक कैरियर प्राप्त होगा। भारतीय जीवन बीमा निगम के मण्डल कार्यालय फैजाबाद के प्रांगण में वेबलिंक के माध्यम से अयोध्या, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, गोंडा, सुल्तानपुर, जगदीशपुर (अमेठी), बाराबंकी जनपद की लगभग 250 महिलाओ ने प्रधानमंत्री को लाइव सुना, देखा और आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मण्डल फैजाबाद के वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक जी. एस. यादव ने उपस्थित महिलाओ का उत्साहवर्धन किया और आर्थिक उन्नति के साथ परिवार और समाज में सम्मान के साथ जीवन जीने हेतु प्रेरित किया। विपणन प्रबन्धक एस.पी. गुप्ता ने इस योजना के लाभ के साथ महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने के गुण साझा किया। इस अवसर पर निगम के अधिकारियों के साथ समाज के विभिन्न क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने सहभाग किया।

## भाजपा सरकार से जनता परेशान : श्याम कृष्ण श्रीवास्तव

अयोध्या(एजेंसी)। सोमवार को माजवादी पार्टी महानगर कार्यालय लोहिया भवन पर मासिक बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महासचिव हामीद जफर मीसम ने किया इस मौके महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा ने आज लोग भारतीय जनता पार्टी से बहुत परेशान है लेकिन इसके लिए हमको बूथ स्तर पर काम करना होगा और हर बूथ पर अपने एजेंट को मजबूत करना और वही एजेंट अपने क्षेत्र में दलित पिछड़े और अन्य समाज के लोगों को जोड़कर पार्टी को मजबूत करेंगे जिससे हमारे वोट बड़े और 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बने। महानगर महासचिव हामीद जाफर मिसम ने कहा पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने–अपने क्षेत्र में हर वर्ग के लोगों को जोड़कर खासकर दलित और पिछड़े समाज के साथ मिलकर उनको अपने साथ जोड़ने का काम करें , आज नगर निगम लूट का अड्डा बन गया है, जगह जगह सड़के बैठ रही है,शमशान घाट ऐसी जगह से शुल्क वसूला जा रहा है, जो बहुत ही निंदनीय है,महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया कि बैठक में प्रदेश सचिव रामअचल यादवमहेंद्र शुक्ला, लूल्नरयादव,अजयइ यादव,सिकंदर चौधरी, सुरेंद्र यादव शिव शंकर शिवा ,इश्तियाक खान राजबली यादव, अभय द्विवेदी, शाहबाज लकी आदि लोग मौजूद रहे




## आदर्श व देशभक्तमहिला हैं सोनिया गांधी :दयानन्द शुक्ला

रूदौली–अयोध्या(एजेंसी)। कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्म दिवस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा बाजार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ए आई सी सी सदस्य दयानन्द शुक्ला ने कहा कि सोनिया गांधी आदर्श और देशभक्त महिला हैं। उन्होंने कहा कि गीता पुराण और इतिहास में भारतीय नारियों का त्याग,बलिदान तथा संघर्ष का उल्लेख देखने को मिलता है। उसी प्रकार सोनिया गांधी ने जो त्याग और बलिदान और संघर्ष किया है उससे लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। दयानन्द शुक्ला ने कहा कि आज जो गांव के गरीबों को फ्री राशन मिलता है इसका सबसे ज्यादा श्रेय सोनिया गांधी जी को जाता है।क्योंकि उन्हीं के अथक प्रयास के चलते ही कांग्रेस पार्टी की सरकार ने 2013 में संसद में काफी लंबी चर्चा की बाद खाद्य सुरक्षा बिल को संसद में पास कराकर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम बना।इस अवसर पर जलील अहमद एडवोकेट,राम कुमार, राम अशीष तिवारी,परमानंद शुक्ला,हरिकेश मौर्या,शिवकुमार मौर्या,सद्दाम हुसैन,राम कृष्ण शुक्ला,दिनेश तिवारी,दिलीप शुक्ला,डाक्टर अमीर अली,रिजवान अहमद आदि लोग शामिल थे।

## दो मुट्ठी चावल के बदले सिहासन देने वाला भगवान ही हो सकता है”



घघसरा गोरखपुर। नगर पंचायत घघसरा के वार्ड संख्या 11 परशुराम नगर के ग्राम पनिका में श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आचार्य विनय शास्त्री ने सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सुदामा की भक्ति और प्रेम से प्रभावित होकर भगवान ने उन्हें अपने सिंहासन पर बैठाया और उनके चरण धोए। कथा में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे, उनकी धर्मपत्नी कीर्ति दुबे, सहजनवां अध्यक्ष संजू सिंह, पूजा पांडेय, विनोद पांडेय, दुर्गावती देवी, भागीरथी चौधरी, परमेश्वर चौधरी, अर्जुन गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, अमरावती पांडेय, बलई बाबा, सुमित्रा गुप्ता, पवन, कन्हैया गुप्ता, जोखन, इंद्रेश चौधरी, सुभान अली, इबादत अली, छोटे पांडेय, सुभाष पांडेय और अन्य लोग उपस्थित रहे।

## दिव्यांग किरण को मिला ”स्वाभिमान सम्मान 2024”

गोरखपुर, चौरीचौरा के निवासी और कृत्रिम अंग विशेषज्ञ डॉ. उमेश चंद्र किरण को दिव्यांग स्वाभिमान सम्मान 2024 से अयोध्या में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया गया।




समारोह में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित, अयोध्या के मेयर गिरीश पति त्रिपाठी, आचार्य मिथिलेश नंदनी शरण और कार्यक्रम संयोजक श्री नारायण यादव मौजूद थे। डॉ. किरण ने 30 वर्षों से दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए कार्य किया है। इस अवसर पर अजय प्रताप सिंह, ज्ञानेंद्र ओझा, डॉ. एस. कौशिक, डॉ. अजय कुमार सिंह, विशाल कोषाध्यक्ष, डॉ. अजय सिंह, जी.पी. गुप्ता, भूपू अध्यक्ष चौरीचौरा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उनके योगदान की सराहना की।

## श्रीमद् भागवत कथा में भक्त प्रह्लाद की कथा सुनाई

पिपरौली/गोरखपुर, पिपरौली ब्लॉक के गाडर गांव के टोला रामबाग में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान मधुसूदनाचार्य जी महाराज ने भक्त प्रह्लाद की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि असुर राजा हिरण्यकश्यप ने भगवान विष्णु की भक्ति को रोकने का प्रयास किया, लेकिन भक्त प्रह्लाद की निष्ठा को देखकर भगवान ने नरसिंह रूप में प्रकट होकर हिरण्यकश्यप का अंत किया।



कथा का समापन 14 दिसंबर को पूर्णाहुति और प्रीति भोज के साथ होगा। इस अवसर पर यजमान प्रभाकर सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह, प्रशांत सिंह, पीयूष सिंह, सुबोध सिंह, आशुतोष सिंह और अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नोबल विजेता कैलाश सत्याथी ने अटल आवासीय विद्यालय का दौरा किया

सहजनवां गोरखपुर।नोबल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने मंगलवार को सहजनवां के अटल आवासीय विद्यालय का दौरा किया। उनकी पत्नी सुमेधा सत्यार्थी भी उनके साथ थीं। विद्यालय पहुंचने पर बच्चों ने उनका स्वागत तिलक और दीप प्रज्वलन के साथ किया।




कैलाश सत्यार्थी ने बच्चों के साथ संवाद किया, भोजन का स्वाद चखा और विद्यालय में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी गौरव ग्रोवर, विधायक प्रदीप शुक्ल, एसडीएम दीपक गुप्ता, सीडीओ संजय मीणा, तहसीलदार राकेश कन्नौजिया और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## अखिल बाबू की 81चर्ष जयंती पर 150 बच्चों की स्वास्थ्य जांच

सहजनवां गोरखपुर, सहजनवां के कोड़रा गांव में स्वर्गीय अखिलेश्वर सहाय (अखिल बाबू) की 81वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनकी धर्मपत्नी शोभा सहाय के नेतृत्व में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋतु सहाय ने 150 बच्चों की जांच की और उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित कीं। इस अवसर पर डॉ. सद्दाम, डॉ. दुर्गेश, संग्राम, गुरु नारायण, संदीप, अर्शी, अंजली, तनु, नेहा, आदर्श, पवन, अभिषेक, सुनील, राम, शशिकांत समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## जालसाजी का शिकार, 5 वरिष्ठ पत्रकार स्व रामानन्द की पत्नी का निधन

पीपीगंज गोरखपुर। वरिष्ठ पत्रकार रहे स्व रामानन्द की पत्नी चन्द्रावती देवी उम्र लगभग 75 वर्ष का मंगलवार को शाम सात बजे निधन हो गया। वरिष्ठ पत्रकार स्व रामानन्द का भी निधन 2017 में हो गया था। इनके परिवार में चार लड़के व तीन लड़कियां है। बड़े लड़के अशोक अग्रहरी व अन्य भाई व्यवसाय करते है प्रमोद अग्रहरी भाजपा नेता और अखिल भारतीय वैश्य समाज के पदाधिकारी भी है। मृतक चन्द्रावती देवी का अंतिम संस्कार बुधवार को अकटहवा घाट पर होगा। यह जानकारी उनके बड़े बेटे अशोक अग्रहरी ने दिया है।

## अधेड़ की मिली लाश, नही हुआ शिनाख्त

घघसरा गोरखपुर । । सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत घुरियापार के राजस्व गांव भरपुरवां सड़क किनारे अचेत अवस्था में एक व्यक्ति पाया गया जिसकी उम्र लगभग 55 वर्ष बताई जा रही है। जिसकी सूचना ग्राम प्रधान द्वारा पीआरबी 112 पर दिया दिया। सूचना पाकर मौके पर पीआरबी 112 नंबर पुलिस पहुंचकर देखा और अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठर्रापार पहुंचाया जहां मौजूद रहे चिकित्सकों ने जांच–पड़ताल कर उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घघसरा पुलिस चौकी प्रभारी वीरेंद्र बहादुर सिंह मौके पर पहुंचकर कानूनी प्रक्रिया में जुट गए और वहीं मृतक की पहचान में लगे रहे। मिली जानकारी अनुसार मृतक व्यक्ति दो दिन पहले भरपुरवां गांव आया था जो इधर–उधर घूम रहा था। वहीं ग्रामीणों ने 112 नंबर पुलिस को बताया कि मृतक एक दिन पहले पूछने पर अपना नाम रंजीत यादव ग्राम गोपलापुर निवासी बता रहा था। इस संबंध में चौकी प्रभारी घघसरा वीरेंद्र बहादुर सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मृतक व्यक्ति जो दो दिन पहले नाम पता बताया था वहां पता किया तो उस गांव में इस नाम का कोई व्यक्ति नहीं है। बाडी को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया ।

## टीपीएल सीजन 3 में बेलघाट, बड़हलगंज, बांसगांव और खोराबार की टीमों ने जीती जीत, खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन

चौरीचौरा, गोरखपुर।

सरदारनगर के मजीठिया स्टेडियम में टीपीएल सीजन 3 के तीसरे दिन क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ, जिसमें बेलघाट, बड़हलगंज, बांसगांव और खोराबार की टीमों ने जीत दर्ज की। इस मौके पर मैन ऑफ द मैच विजेताओं को शिक्षक संतोष गिरी ने उत्साहवर्धन किया।टूर्नामेंट के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में पीएनबी के सीनियर मैनेजर मणिकांत यादव और विशिष्ट अतिथि डिप्टी मैनेजर मनीष साहनी ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। तीसरे दिन का पहला मैच बीएमबी ब्रह्मपुर और बेलघाट के बीच खेला गया, जिसमें बेलघाट ने रोमांचक मुकाबले में अंतिम गेंद पर जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच पवन सिंह रहे। दूसरा मैच उरुवा और बड़हलगंज के बीच खेला गया। बड़हलगंज ने 78 रन का लक्ष्य 7 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच अजय सिंह यादव चुने गए। तीसरा मैच बांसगांव और जंगल कौड़िया के बीच हुआ। बांसगांव ने 123 रन बनाकर जंगल कौड़िया को 52 रन पर रोक दिया। बांसगांव की टीम विजयी रही, और मैन ऑफ द मैच सचिन यादव रहे। अंतिम मैच खोराबार और कौड़ीराम के बीच खेला गया, जिसमें खोराबार विजयी रहा। खोराबार के आशुतोष गुप्ता ने नाबाद 60 रन बनाए। टूर्नामेंट का संचालन आनंद यादव ने किया, और सभी मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पंकज सिंह, रितेश सिंह, अमरेंद्र प्रताप शाही, संतोष गिरी, डॉक्टर प्रवीण सिंह, अनूप सिंह, निखिलेश प्रताप यादव, मोहन राम, अनिल यादव और विनय मिश्रा ने प्रदान किया। यह आयोजन सरदारनगर में पंकज सिंह, अमरेंद्र प्रताप शाही, रितेश सिंह, आनंद यादव और निखिलेश यादव द्वारा किया जा रहा है।

## पीएम किसान सम्मान निधि के लिए कराये फार्मर रजिस्ट्री



जौनपुर। जनपद के किसानों का आधार की तर्ज पर किसान कार्ड बनाया जा रहा है, इसके लिए जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र द्वारा रोस्टर जारी कर जिले की समस्त राजस्व गांवो में शिविर लगाकर किसान रजिस्ट्री की जा रही है, । मंगलवार को जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र द्वारा सदर तहसील के प्राथमिक विद्यालय बिशुनपुर पुलगुजर में एग्री स्टैक योजनान्तर्गत कराए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री कार्य का निरीक्षण किया गया। शिविर में तीन किसानों अवधेश, मुलायम एवं रामशंकर का जिलाधिकारी द्वारा स्वयं फार्मर रजिस्ट्री किया गया, उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री में किसान का आधार नंबर,खेत का रकवा नंबर, खसरा नंबर, मोबाइल नंबर आदि का विवरण दर्ज किया जाएगा, पूरा विवरण दर्ज होने के बाद किसानों को एक यूनिक नंबर जारी होगा इस नंबर के जरिए ही संबंधित किसान का पूरा विवरण देखा जा सकेगा। रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण होने के बाद किसान कार्ड बनाया जाएगा कार्ड से मिलने वाले नंबर के जरिए ही पीएम किसान सम्मन निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ किसानों को दिया जाएगा। किसान कार्ड के लिए जिले के हर राजस्व गांव में शिविर का आयोजन किया जा रहा है इसमें कृषि विभागध् पंचायत विभाग एवं राजस्व विभाग के दो– कर्मचारी रहेंगे, शिविर में गांव के संबंधित किसान का नाम, पिता का नाम, स्वामित्व वाले सभी गाटा संख्या, सहखातेदार होने की स्थिति में गाटों में किसान का अंश, आधार नंबर, ई– केवाईसी विवरण आदि दर्ज करेंगे। किसी प्रकार के स्वामित्व स्थानांतरण ( विसारत,बैनामा आदि) होने पर किसान रजिस्ट्री में बदलाव किया जा सकेगा, इससे किसान के हर गाटे में हर सत्र में बोई जाने वाली फसल का विवरण भी शामिल किया जाएगा। किसान कार्ड से फायदे बताते हुए जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने बताया कि अभी तक किसान को किसी भी तरह का ऋण लेने के लिए बार–बार राजस्व रिकार्ड देना पड़ता है, किसान रजिस्ट्री होने पर उसके नंबर को संबंधित एप पर डालकर उसका पूरा विवरण देखा जा सकेगा, इससे किसान कल्याण की योजनाएं बनाने और उसके क्रियान्वयन में आसानी होगी, लाभार्थियों को सत्यापन कृषि उत्पाद के विपणन और अन्य वित्तीय मामलों में सहूलियत होगी। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि भुगतान, फसली ऋण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, आपदा के दौरान किसानों को क्षति पूर्ति देने के लिए किसानों का चयन करने में आसानी होगी, साथ ही राजस्व विवादों का भी निस्तारण होगा। इस मौके पर उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडेय, तहसीलदार सदर सौरभ कुमार, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी, उप परियोजना निदेशक आत्माध्जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर डा.रमेश चंद्र यादव, एडीओ सहकारिता, एडीओ आईएसबी, एडीओ एजी, राजस्व लेखपाल नीलेश, पंचायत सहायक अर्चना यादव आदि मौजूद रहे।

## पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री शैलेंद्र त्रिपाठी ने छात्र–छात्राओं का बढ़ाया हौसला

सुल्तानपुर । अयोध्या जनपद के अवध विश्वविद्यालय में आयोजित मंडलस्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सुल्तानपुर का गौरव बढ़ाने वाले कमला विद्या मंदिर के छात्र–छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ. शैलेंद्र त्रिपाठी जी रहे। संबोधन में उन्होंने कहा कि परिश्रम, नैतिकता और संस्कार विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने में सहयोग करते हैं। इसी के बल पर विद्यार्थी अपने लक्ष्य को हासिल करता है।विशिष्ट अतिथि के रूप में रेलवे अस्पताल के चीफ फार्मेसिस्ट डॉ. केशव गुप्ता उपस्थित थे। संगीत अध्यापिका आराधना श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में पारुल चौरसिया, डिम्पल गौतम, संजना सोनकर, स्नेहा यादव, लकी यादव, प्रिया गौतम, रिया गुप्ता, मुस्कान रावत, खुशी यादव, अंकिता पाण्डेय, अंजली कुमारी, नंदनी यादव, सृष्टि गुप्ता, अम्बिका गुप्ता, मन्नत, अधविका सिंह, आयुषी गुप्ता, शाम्भवी साहू, निखिल, अमित यादव आदि छात्र–छात्राओं ने विद्यालय की तरफ से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने के साथ–साथ जिले का भी सम्मान बढ़ाया। प्रतियोगिता में सुल्तानपुर, अमेठी, अंबेडकरनगर, बाराबंकी और अयोध्या जिले के छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया। सम्मान समारोह में अपने विचार रखते हुए डॉ. शैलेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि नौनिहालों में तमाम प्रतिभाएं जागृत होती हैं। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य एवम् आचार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इनके अथक प्रयास से ही छात्र–छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया है। विशिष्ट अतिथि केशव गुप्ता जी ने बच्चों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। मुख्य अतिथि ने छात्र–छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंधक संतोष श्रीवास्तव एवं प्राचार्य प्रेम कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर ऋषि श्रीवास्तव, त्रिभुवन नाथ चौवे, रितेश जी, सुमन जी, सुप्रिया जी, आराधना जी, राजेश्वरी जी, सरिता, पूनम, सौम्या, दरक्षा, सुष्मिता, प्रिया, मधु, मनीषा, प्रिंसी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रेम कुमार श्रीवास्तव ने किया।




## संदिग्ध परिस्थितियों में पखवारे भर से लापता हैं पंचायत सचिव, परिजनों से भी संपर्क टूटा

सुल्तानपुर। जिले के भदैया ब्लॉक क्षेत्र में तैनात एक पंचायत सचिव संदिग्ध परिस्थितियों में करीब 15 दिनों से लापता है। ब्लॉक कर्मचारियों से लेकर परिवारीजनों तक से उनका सम्पर्क टूट चुका है। 10 दिनों से लगातार उनका मोबाइल स्विच ऑफ जा रहा है। अनहोनी की आशंका से परिवारीजनों की उलझने बढ़ती जा हैं। मूलतः गोसाईंगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सैफुल्लागंज निवासी नील कमल कनौजिया भदैया ब्लॉक में पंचायत सचिव के पद पर विकास विभाग में कार्यरत हैं। वर्तमान में उनकी भदैया ब्लॉक के बाबलमपुर, सौराई, कैभा, बोखरेपुर समेत करीब दर्जन भर ग्राम पंचायतों में तैनाती है। बताया जाता है कि सचिव नील कमल सप्ताह भर की छुट्टी लेकर भुवनेश्वर जाने की बात कह कर घर से नवंबर माह के आखिरी सप्ताह में निकले थे। 1 दिसंबर को उन्हें ड्यूटी ज्वाइन करनी थी, परंतु 1 दिसंबर से ही उनका मोबाइल स्विच ऑफ जा रहा है। तब से आज तक किसी से कोई संपर्क नहीं हो सका है। नील कमल के भाई सुनील कुमार का कहना है कि काफी प्रयास के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। कहाँ हैं कैसे हैं कुछ पता नहीं चल रहा है। घर वाले अनहोनी की आशंका से भयभीत हैं। उधर, बीडीओ भदैया पंकज गौतम से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि 6 दिन की छुट्टी लिए थे। छुट्टी खत्म होने के बाद सपंर्क करने की कोशिश की गयी, परंतु मोबाइल स्विच ऑफ जा रहा है। कर्मचारी को उनके घर भी भेजा गया, लेकिन घर वाले भी कुछ बता पाने में असमर्थ रहे। उन्होंने बताया कि सचिव के ड्यूटी न आने की जानकारी विभाग के उच्चाधिकारियों को दी जा चुकी है। हालाँकि अभी तक परिवारीजनों की ओर से कोई तहरीर पुलिस को नहीं दी गई है।

## संस्कार एक शब्द ही नहीं अपितु पूरा दर्शन:दुर्गादत्त

जौनपुर। भारत विकास परिषद शौर्य के अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित महासमूह गान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री दुर्गादत्त शर्मा का आगमन हुआ। आयोजन मां दुर्गा जी सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल सिद्दीकपुर में किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी 2500 बच्चों ने इस महासमूह गान में प्रतिभाग किया। मंच से सोनपरी, तनुश्री, आराध्या, सृष्टि और मरियम ने श्युगोंक्युगों से यही हमारी बनी हुई परिपाटी है गीत का गायन किया। सर्वप्रथम भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। विद्यालय के बच्चों ने वन्दे मातरम गीत गाया। संस्थापक अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय ने अपने स्वागत उद्बोधन में शौर्य शाखा के उदय से अभी तक के कार्यक्रमों पर चर्चा की और बताया कि संस्था सम्पर्क, सेवा और संस्कार के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बच्चों के बीच में जाकर तिलक लगाने के विषय पर, सामुहिकता की शक्ति पर और संस्कार विषय पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि सामुहिकता की शक्ति से पिछले चलने वाले का हाथ पकड़कर उसे भी साथ ले लिया जाता है।

## मुख्यमंत्री ने आश्रय गृह का उद्घाटन किया

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्मशाला बाजार में नगर निगम गोरखपुर के सहयोग से बनाए गए 44 बेड के निःशुल्क आश्रय गृह का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने 117 गरीब और जरूरतमंद लोगों को कंबल, खाना और अन्य जरूरी सामग्री वितरित की। बच्चों को टॉफी और खिलौने भी दिए गए। उन्होंने कहा कि यह आश्रय गृह बेघर लोगों के लिए सर्दियों में राहत का केंद्र बनेगा। यह सुविधा दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत निर्मित की गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## हजार की ठगी

सहजनवां गोरखपुर, गीडा थाना क्षेत्र के बनगांवा गांव निवासी सीताराम यादव पुत्र स्व. जयराम यादव के मोबाइल सिम को हैक कर जालसाज ने उनके बैंक खाते से 5 हजार रुपये उड़ा लिए। इसके साथ ही, उसी सिम नंबर से अन्य लोगों को फोन कर ठगी करने का प्रयास किया गया। सीताराम ने बताया कि 7 दिसंबर को उनका सिम अचानक बंद हो गया। जालसाज ने उनके भाई के फोन पर संपर्क कर सिम चालू करने के लिए एक लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक करने के बाद खाते से रुपये कट गए। इस मामले में गीडा थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने इसे साइबर क्राइम का मामला बताते हुए जांच का आश्वासन दिया है।

## गेट के सामने खड़ी बाइक चोरी, केस दर्ज

सहजनवां गोरखपुर, सहजनवां नगर पंचायत के वार्ड 16 शनिचरा बाजार निवासी मीरा शुक्ला पत्नी दिनेश कुमार शुक्ल ने पुलिस को शिकायत दी है कि उनकी स्प्लेंडर बाइक गेट के सामने से चोरी हो गई। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने बाइक को गेट के पास खड़ा किया था और सुबह उठने पर बाइक गायब मिली। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## बिजली विभाग की एकमुश्त समाधान योजना: 31 जनवरी तक मौका

गोरखपुर द्द्य बांसगांव संदेश:

बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। गोरखपुर के विभिन्न वार्डों में बिजली विभाग द्वारा लाउडस्पीकर के माध्यम से एकमुश्त समाधान योजना की घोषणा की गई। जिन उपभोक्ताओं का बिजली बिल बकाया है, वे अपने निकटतम बिजली कार्यालय में संपर्क कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

योजना की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस योजना के तहत अपने लंबित बिलों का भुगतान कर राहत प्राप्त करें।

अधिक जानकारी के लिए उपभोक्ता बिजली विभाग के टोल–फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर सकते हैं।

## मानवाधिकार संरक्षक संगठन का स्थापना दिवस धूमधाम से संपन्न

बड़हलगंज द्द्य बांसगांव संदेश:

गोरखपुर के बड़हलगंज नगर पंचायत स्थित माता श्री गेट हाउस बायपास रोड पर मानवाधिकार संरक्षक संगठन ने अपने स्थापना दिवस समारोह का आयोजन



किया। यह कार्यक्रम बड़े उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित द्विवेदी और प्रदेश संरक्षक विजय शंकर मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने मानवाधिकार जागरूकता बढ़ाने और समाज में संवेदनशीलता लाने के प्रयासों पर चर्चा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने कहा, ”मानवाधिकारों की रक्षा केवल संगठन का कार्य नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है।” प्रदेश संरक्षक विजय शंकर मिश्र ने संगठन की उपलब्धियों और भावी योजनाओं को रेखांकित करते हुए सदस्यों को प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नीरज मिश्र, नगर अध्यक्ष प्रकाश वीर जायसवाल, नगर संरक्षक सुभाष चंद्र जायसवाल और कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

गोरखपुर। तिवारीपुर पुलिस ने एक अभियान के दौरान चोरी की दो मोटरसाइकिलों के साथ शारिक उस्मानी नामक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। शारिक बलिया जिले के चांदपुर का निवासी है। पुलिस ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अभियुक्त के खिलाफ तिवारीपुर थाने में मुकदमा संख्या 250/2024, धारा 317(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने चोरी की गई दोनों मोटरसाइकिलें बरामद कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## हत्या का प्रयास करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

गोरखपुर। झंगहा पुलिस ने पुरानी रंजिश के चलते हत्या का प्रयास करने वाले दो अभियुक्तों, अजय साहनी और संजय कुमार को गिरफ्तार किया। आरोप है कि दोनों ने जानलेवा हमला कर पीड़ित को घायल कर दिया था। पीड़ित की शिकायत पर झंगहा थाने में मुकदमा संख्या 1041/2024 दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा के पर्यवेक्षण में की गई। मामले में आगे की जांच जारी है।

## मिशन शक्तिफेज-5: महिलाओं को जागरूक किया गया

गोरखपुर। मिशन शक्ति फेज–5 के तहत जिले में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए जागरूक किया गया। पुलिस ने प्रमुख बाजारों, स्कूलों और धार्मिक स्थलों पर जाकर महिलाओं को सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन सेवाओं जैसे 1090, 112, और 1930 की जानकारी दी। पुलिस ने पंपलेट वितरित कर महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए। कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा और सरकारी योजनाओं से संबंधित विभिन्न जानकारियां साझा की गईं।

## महिला ने आत्मरक्षा में युवक पर किया हमला

गोरखपुर। एक महिला ने जबरदस्ती करने आए पड़ोसी युवक पर आत्मरक्षा में हमला कर उसका गुप्तांग काट दिया। घटना के बाद युवक को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला ने बताया कि आरोपी युवक घर में घुसकर गलत नीयत से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहा था। महिला के बयान पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी पहले भी महिला को परेशान करता रहा है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक,**सम्पादक कपिल देव शुक्ल** द्वारा विभव प्रिंटर्स गाटा सं025 लोलेपुर सुलतानपुर उ० प्र०. से मुद्रित तथा सलीमपुर ग्रेन्ट, पो० व थाना कुरेभार, जिला–सुलतानपुर (उ०प्र०) से प्रकाशित **सम्पादक– कपिल देव शुक्ल**,
मो० 9415739288,9721748962
E-mail: kdshukla-79@gmail.com समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र सुल्तानपुर न्यायालय होगा।